गुरुवार, 23 जनवरी 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 18 |
| आर्द्रता | 38% |
| सूर्योदय: 6:18 | सूर्यास्त: 17:18 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




वरूण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा चमके, भारत सात विकेट से जीता

–पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कर्म परिस्थितियों से लड़ना सिखाता है और अनुभव जीत हासिल करना।


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह के बाद कूदे यात्री , 12 की मौत

## कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आए



■ फडणवीस ने रेल हादसे के मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने की घोषणा की

**जलगांव :** उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम एक ट्रेन में आग की अफवाह के बाद पटरी पर उतरे कुछ यात्री पास की पटरी पर विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। अधिकारियों ने इस हादसे में कम से कम 12 यात्रियों की मौत होने की जानकारी दी है। विशेष पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दत्तात्रय कराले ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 12 शव पास के सिविल अस्पताल भेजे गए हैं, जबकि छह से सात लोग घायल हुए हैं। मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा मुंबई से 400 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित पचोरा के पास माहेजी और परधाडे स्टेशन के बीच हुआ, जहां शाम करीब पांच बजे लखनऊ-पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के कारण किसी ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई। हालांकि, उन्होंने मृतक संख्या की पुष्टि नहीं की। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री पटरी पर उतर गए और बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। कराले ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, माहेजी और परधाडे स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 372/07 पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की घटना घटी। ट्रेन उसी स्थान पर रुक गई और कुछ यात्री नीचे उतर गए। इस दौरान, वे ट्रेन संख्या 12627 (बेंगलुरु-नयी दिल्ली कर्नाटक एक्सप्रेस) की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया, छह से सात यात्री घायल हुए हैं। सभी घायल यात्रियों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। किसी को भी कोई गंभीर चोट नहीं आई है। दोनों ट्रेन अपने अगले निर्धारित स्टेशन पर पहुंच गई हैं और दुर्घटनास्थल से मलबा हटा दिया गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस हादसे के महज 15 मिनट के भीतर दुर्घटनास्थल से रवाना हो गई, जबकि कर्नाटक एक्सप्रेस ने 20 मिनट में आगे की यात्रा शुरू की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री गिरीश महाजन भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायलों का पचोरा के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से ज्यादातर खतरे से बाहर हैं। हादसे से जुड़े वीडियो में दुर्घटनास्थल पर कुछ लोगों के शव और क्षत-विक्षत अंग देखे जा सकते हैं।

### रेलवे सुरक्षा आयुक्त जलगांव रेल दुर्घटना की जांच करेंगे

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार को कर्नाटक एक्सप्रेस द्वारा पटरियों पर खड़े 12 यात्रियों को कुचलने की घटना की परिस्थितियों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीआरएस (सेंट्रल सर्किल) मनोज अरोड़ा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वह बृहस्पतिवार की सुबह मुंबई से 400 किलोमीटर दूर पचोरा के निकट परधाडे और माहेजी रेलवे स्टेशनों के बीच दुर्घटना स्थल पर पहुंचेंगे। अरोड़ा ने कहा कि यात्रियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''हम यात्रियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों को आमंत्रित करेंगे। वे दुर्घटना के बारे में अपना बयान दे सकते हैं।''

### अश्विनी वैष्णव ने जलगांव रेल दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को महाराष्ट्र के जलगांव जिले में ट्रेन की चपेट में आने से 12 यात्रियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। यह घटना तब हुई जब कुछ यात्री अपने डिब्बे में आग लगने की अफवाह के चलते जलगांव के पास पुष्पक एक्सप्रेस से कूद गए। वे पास की पटरी पर आई कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 'रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली तथा सभी घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। इसमें कहा गया, उन्होंने घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वैष्णव इस समय विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए दावोस में हैं।

# काम और विकास के साथ कोई समझौता नहीं : ममता

■ मुख्यमंत्री ने कहा... 'सरकारी काम के लिए लोगों से पैसे मांगने वालों की खैर नहीं'

■ राजाभातखवा जंगल में पर्यटकों से अतिरिक्त शुल्क पर फूटा मुख्यमंत्री का गुस्सा



**अलीपुरद्वार :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने तल्ख तेवर में कहा कि काम और विकास के साथ वह कोई समझौता नहीं कर सकती हैं। जिम्मेदारी को पूरा करने में जो भी लचर होगा उसे जवाब देना हो। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि आपलोग यह सोंच रहें हैं कि आपके कामों की निगरानी नहीं हो रही है तो आप गलत हैं। उक्त बात बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अलीपुरद्वार में प्रशासनिक बैठक में साफ तौर पर कहा। उन्होंने कहा कि बिना जिम्मेदारी के काम नहीं होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास पूरी जानकारी है कि डीएम से लेकर बीडीओ, एसपी से लेकर आईसी तक सभी कितनी जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बार-बार जोर देकर कहा कि फील्ड वेरिफिकेशन पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। यदि किसी चीज में कोई गलती हो जाए तो आप बाद में उसका दोष किसी और पर नहीं मढ़ सकते। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि अगर कोई भी अधिकारी सरकारी परियोजनाओं के लिए किसी से एक पैसा भी लिए तो उसकी खैर नहीं होगी। अगर कोई पैसे मांगता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि यदि किसी के खिलाफ शिकायत की जाती है, चाहे वह किसी भी पद पर हो, तो उसके खिलाफ जांच की जाएगी। ममता ने यह सरकारी अधिकारियों से यह सवाल भी किया कि विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में इतना समय क्यों लग रहा है। ममता यह कहना नहीं भूलीं कि यदि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है तो जरूरत पड़ने पर वह सख्त कार्रवाई किया जाए। इस दिन, ममता ने अधिकारियों से हर बात पर विस्तार से पूछताछ की। उन्होंने बीडीओ को ब्लॉक दर ब्लॉक काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीडीएस केंद्रों, मध्याह्न भोजन केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर खेतों या चाय बागानों में क्या किया जा रहा है, सबका दौरा करने का आदेश दिया। उन्होंने डीएम-एसपी को नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा कर कार्य करने के निर्देश भी दिए। इधर, डुआर्स के संरक्षित जंगलों में पर्यटकों से गाड़ी और व्यक्ति के आधार पर वसूले जा रहे शुल्क को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई है। प्रशासनिक बैठक में ममता ने स्पष्ट आदेश दिया कि राजाभातखावा जंगल समेत अन्य संरक्षित क्षेत्रों में पर्यटकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। राजाभातखवा के जंगलों में प्रवेश के लिए पर्यटकों से प्रति गाड़ी और प्रति व्यक्ति 2500 रुपये तक की एंट्री फीस वसूली जा रही थी। इस मुद्दे को बैठक में विधायक सुमन कांजीलाल ने मुख्यमंत्री के सामने उठाया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को जंगल में गाड़ी लेकर प्रवेश करने के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है। इस पर, ममता बनर्जी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि किसके आदेश पर यह पैसा लिया जा रहा है? यह फैसला किसने किया? ममता बनर्जी ने तुरंत निर्देश देते हुए कहा, मैं अभी साफ कर रही हूं कि पर्यटकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनके इस आदेश के बाद डुआर्स के संरक्षित जंगलों में पर्यटकों के लिए एंट्री मुफ्त कर दी गई है।

### गणतंत्र दिव परेड में पहली बार दिखेगी सेना के तीनों अंगों की संयुक्त झांकी

**नयी दिल्ली :** छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में भव्य कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना के तीनों अंगों की संयुक्त झांकी नजर आएगी। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के बीच ''संयुक्तता'' की व्यापक भावना को दर्शाना है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, झांकी में स्वदेशी अर्जुन युद्ध टैंक, तेजस लड़ाकू विमान और उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर के साथ जमीन, जल और हवा में समकालिक अभियान के रूप में युद्ध की स्थिति का परिदृश्य प्रदर्शित किया जाएगा।

### मंत्रिमंडल ने कच्चे जूट का एमएसपी छह प्रतिशत बढ़ाकर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाकर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। यह कच्चे जूट के पिछले एमएसपी से 315 रुपये प्रति क्विंटल यानी छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। गोयल ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारांश औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत 'रिटर्न' को सुनिश्चित करता है जिससे जूट उत्पादकों को लाभ होगा।

# आरजीकर मामला : हाईकोर्ट सुनेगा चिकित्सक के परिवार, सीबीआई और दोषी की दलीलें

■ केंद्रीय जांच एजेंसी ने बंगाल सरकार की अपील का किया विरोध

■ हाईकोर्ट 27 जनवरी को मामले की करेगा सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह आरजीकर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को अपर्याप्त बताने वाली बंगाल सरकार की अपील को स्वीकार करने से पहले सीबीआई, पीड़िता के परिवार और दोषी का पक्ष सुनेगा। हाईकोर्ट ने कहा कि वह 27 जनवरी को मामले की सुनवाई करेगा। इस दिन, सीबीआई ने मामले में अपील दायर करने के राज्य के अधिकार का विरोध करते हुए दावा किया कि अभियोजन एजेंसी होने के नाते उसे सजा की अपर्याप्तता के आधार पर अपील दायर करने का अधिकार है। बता दें कि सियालदह की अदालत ने आरजीकर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त 2024 को ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में दोषी संजय राय को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस दिन, न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि वह राज्य सरकार की अपील स्वीकार करने से पहले सीबीआई, पीड़िता के परिवार और दोषी के वकीलों के माध्यम से उनकी दलीलें सुनेगी। इस खंडपीठ में न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी भी शामिल थे। राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने दोषी राय के लिए मृत्युदंड की मांग करते हुए अदालत के समक्ष कहा कि दोषी को उसके प्राकृतिक जीवन के अंत तक आजीवन कारावास की सजा अपर्याप्त है। उन्होंने अदालत से अपील स्वीकार करने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि अभियोजन एजेंसी, पीड़ित परिवार और दोषी के अलावा राज्य भी सजा की अवधि को चुनौती दे सकता है। दत्ता ने खंडपीठ के समक्ष कहा कि कोलकाता पुलिस ने दुष्कर्म-हत्या मामले की प्रारंभिक जांच की थी और बाद में कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त 2024 को जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। सीबीआई की ओर से पेश उप सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने राज्य की दलील का विरोध किया और कहा कि बंगाल सरकार को 'अपर्याप्तता के आधार' पर निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने निचली अदालत के समक्ष राय को मृत्युदंड देने का अनुरोध किया था।

### आरजीकर कांड में दोषी के मृत्युदंड के लिए अब सीबीआई भी पहुंची हाईकोर्ट

बंगाल सरकार के बाद सीबीआई ने बुधवार को आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए संजय राय के मृत्युदंड की मांग करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली मुख्यालय के फैसले के अनुसार यह अपील की गई। वकीलों के एक वर्ग के अनुसार, यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि सीबीआई निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने के लिए हाईकोर्ट में दायर राज्य की याचिका में प्रथम पक्ष बनना चाहती है।

### सुप्रीम कोर्ट में आरजीकर मामले की सुनवाई 29 जनवरी तक टली

**कोलकाता/नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा के मामले में सुनवाई 29 जनवरी तक टाल दी है। यह मामला आरजीकर मेडिकल कॉलेज में हुए दुष्कर्म और हत्याकांड के बाद शुरू किया गया था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। दरअसल, आरजीकर अस्पताल में हुई घटना के बाद डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने समय की कमी का हवाला देते हुए मामले को अगले बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे आज सुबह सूची मिली। मुझे लगता है कि आपके (वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी को संबोधित करते हुए) की ओर से तीन आवेदन दायर किए गए हैं- एक अतिरिक्त दस्तावेजों के लिए, दूसरा निर्देशों के लिए और अन्य। कृपया दूसरी तरफ एक प्रति प्रदान करें। हम इसे अगले बुधवार को दोपहर 2 बजे देखेंगे।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे उछलकर 86.35 पर बंद

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और डॉलर सूचकांक में नरमी के साथ बुधवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 23 पैसे बढ़कर 86.35 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक और घरेलू स्तर पर प्रमुख आर्थिक घटनाक्रमों से पहले रुपये में नकारात्मक रुझान के साथ उच्च अस्थिरता देखने को मिल सकती है। इसके अलावा, वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर अनिश्चितता ने मुद्राओं और वस्तुओं दोनों पर दबाव बनाए रखा, जिससे निवेशक चिंतित रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.56 पर खुला।

# इसरो ने गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल भेजा

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के वास्ते क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है। इसरो ने बुधवार को यह जानकारी दी। गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है।



इसरो ने एक बयान में कहा, 21 जनवरी 2025 को इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष रवाना किया। क्रू मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्ष यान है, जिसे तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष की कक्षा में ले जाने और मिशन अवधि पूरी होने के बाद धरती पर सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित एलपीएससी ने क्रू मॉड्यूल को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया। इसरो के मुताबिक, क्रू मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (सीएमपीएस) एक द्वि-प्रणोदक आधारित प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) है, जिसे क्रू मॉड्यूल को सटीक 3-अक्ष नियंत्रण (पिच, यॉ और रोल) प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।


Suffering from hip or Knee pain?

Ask Dr. Santosh

"Knee replacement can bring you back to normalcy, when done with precision" - Dr Santosh Kumar

प्रश्न– नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी के परिणामों के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?

डॉ. संतोष ने बताया कि नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी के परिणामों के लिए कई चीजे मायने रखती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण होता है सर्जन की विशेषज्ञता और अनुभव। सर्जन और उनकी टीम का कौशल सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बेशक इस्तेमाल किया जाने वाला इम्प्लांट भी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता का होना चाहिए। लेकिन, मशीन के पीछे उसे चलाने वाला आदमी है, जो ज्यादा मायने रखता है। सर्जरी के बाद अच्छे नर्व ब्लॉक्स और अन्य मल्टी–मॉडलिटी के माध्यम से दर्द नियंत्रण करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। सर्जरी के बाद व्यायाम स्वास्थ्य लाभ में तेजी लाता है और उत्साह को बढ़ाता है। इन सबके के साथ मरीज का रवैया भी बहुत महत्वपूर्ण है। मरीज की सकारात्मक सोच उसे ठीक करने में काफी अहम भूमिका निभाता है।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar with world's latest Navigation System Orthopilot

प्रश्न– नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?

डॉ. संतोष ने बताया कि इस्तेमाल किए जाने वाले इम्प्लांट अंतराष्ट्रीय स्तर का होना चाहिए और लंबे समय तक फॉलोअप करना चाहिए। न्यू इम्प्लांट से बचना चाहिए। हम लंबे जीवन के लिए लो कांटेक्ट स्ट्रेस फ्लेक्सिबल इम्प्लांट का उपयोग करते हैं। टिबियल प्लेट आमतौर पर टाइटेनियम से बनी होती है। इम्प्लांट के दौरान स्ट्रेस को संतुलित रखने बहुत जरूरी है। यह अनिवार्य रूप से एक अनुभव सर्जन द्वारा किया जाना चाहिए। अच्छी सिमेंटेशन तकनीक बहुत महत्वपूर्ण है जो इम्प्लांट को हड्डी में ठीक करता है, जो फिर से सर्जन पर ही निर्भर करता है।

प्रश्न–ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत किसे होती है?

डॉ. संतोष जब किसी व्यक्ति को चलने फिरने में परेशानी आने लगे। घुटनों में दर्द होने का आरथ्राइटिस भी एक प्रमुख कारण होता है, और जब ये दर्द दैनिक जीवन की गतिविधियों को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो उसे नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत होती है।

प्रश्न– ज्वाइंट रिप्लेसमेंट करवाने की सही उम्र क्या है?

डॉ. संतोष उम्र के अनुसार जब रोजमर्रा के काम करने में परेशानी आने लगे तो उसे, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बारे में सोचना चाहिए। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक कठिन हो जाती है और रिकवरी में भी देरी होती है। लेकिन हां, जरूरत से पहले ज्वाइंट रिप्लेसमेंट करवाना भी नहीं चाहिए।

प्रश्न– रिप्लेसमेंट इम्प्लांट कितने सालों तक रहती है?

डॉ. संतोष नी–रिप्लेसमेंट इम्प्लांट ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है। अनसीमेंटेड हिप इम्प्लांट अधिक समय तक चलता है।




Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 25000+Patients in 15+Years

## अप्रिय-अप्रत्याशित हेतु तैयार रहे दुनिया

यूं भी अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फर्स्ट का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार-बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत, रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए।

दरअसल, केवल विकासशील व तीसरी दुनिया के देश ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। पनामा नहर का प्रबंधन हासिल करने के बयानों पर भी तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कभी वे कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के दावे करते हैं। आते ही कनाडा पर टैरिफ बढ़ाकर उन्होंने अपने मंसूबे जाहिर किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में महामारी के प्रभावों से उबरते हुए तमाम बीमारियों से जूझते विश्व को ट्रंप ने बड़ा झटका दिया है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से विकासशील व गरीब मुल्कों का स्वास्थ्य तंत्र अब भगवान भरोसे रह जाएगा। यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी। विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में यूं पूंजीवादी सोच व नीतियों का वर्चस्व बेहद चिंता की बात है। जिस बात की चिंता पिछले दिनों निवर्तमान राष्ट्रपाति जो बाइडेन भी जता चुके हैं। लेकिन उग्र राष्ट्रवाद के खुमार में डूबे अमेरिकी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। पर्दे के पीछे 'ट्रंप उदय' के पीछे दुनिया के सबसे अमीर पूंजीपतियों में शुमार एलन मस्क की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के प्रबल पैरोकार ट्रंप को दुनिया के सामाजिक, आर्थिक व सेहत के सरोकारों से कुछ भी लेना-देना नहीं है। कमोबेश यही स्थितियां अमेरिका की विदेश नीति में भी उजागर होंगी। फिलहाल, इस्राइल-हमास संघर्ष थमता दिख रहा है, लेकिन ये कब तक थमा रहता है, कहना कठिन है। जाते-जाते संघर्ष विराम का श्रेय लेने की होड़ में जो बाइडेन इस्राइल-हमास संघर्ष को फौरी तौर पर रोक तो गए हैं, लेकिन इसके लंबे समय तक थमे रहने के आसार कम ही हैं। वहीं ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को भी रुकवाने की बात कर रहे हैं, लेकिन वे अपने यूरोपीय सहयोगियों को नाराज करके इसमें कितना कामयाब होते हैं, ये भविष्य के गर्भ में निहित है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 जनवरी, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष नवमी, 17:34 तक, नक्षत्र : विशाखा, 29:01 तक, योग : गांदा, 29:02 तक, सूर्योदय: 6:18, सूर्यास्त: 17:18 चन्द्रोदय : 00:39, चन्द्रास्त: 11:48, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 13:10 से 14:31

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन बढ़िया रहने वाला है। आप किसी काम के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को नहीं रखना है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन खुशनुमा रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगो को अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन कुछ खास रहने वाला है। आपको कोई अच्छा प्रॉफिट मिल सकता है। आप अपने घर के जरूरी कामों को भी कल पूरा करने के पूरी कोशिश करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन चुनौतियों भरा रहने वाला है। आपको धैर्य साहस से काम लेने की आवश्यकता है। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों को लिए कल दिन किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आप किसी से कोई पुरानी बात शेयर ना करें।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका धन यदि कहीं डूबा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे आपके काम लंबे समय के लिए लटक सकते हैं।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कारोबार में अच्छा लाभ मिलने से खुशियां रहेगी।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। कुछ नहीं संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आप किसी अजनबी पर आंख मूंद कर भरोसा ना करें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन ऊर्जावान रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को उनके साथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए कल दिन किसी कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों को अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

# सुभाष चंद्र बोस: पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत



गजेन्द्र सिंह शेखावत
(केंद्रीय संस्कृति मंत्री)

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो।

सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और

**सुभाष जयंती पर विशेष**



देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में 'स्वराज' नामक एक समाचार पत्र शुरू किया।

नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ़ एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ़ एक रणनीतिक कदम नहीं था – यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था।

उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिर्फ़ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था – नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना।

यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।

नेताजी ने आईएनए के भीतर झांसी की रानी रेजिमेंट का गठन करके नारी शक्ति के महत्व को मान्यता दी, एक पूरी तरह से महिला रेजिमेंट जिसने महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ किया। ये आदर्श माननीय प्रधानमंत्री के भारत के विज़न में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं, जहाँ महिलाएँ देश के भविष्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं।

पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहाँ उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है।

एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत – एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। आइए हम एक उज्ज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

# सुभाष चंद्र बोस: कल, आज और कल



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय

**प्रस्तावना :**

सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने अपनी अटूट इच्छा-शक्ति और अद्वितीय नेतृत्व क्षमता से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनका व्यक्तित्व साहस, संघर्ष और त्याग का प्रतीक था। उन्होंने न केवल ब्रिटिश शासन को चुनौती दी, बल्कि भारतीय जनमानस को स्वतंत्रता के लिए संगठित और प्रेरित किया। उनका प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा, आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। यह लेख उनके जीवन, कार्यों और उनकी विचारधारा की प्रासंगिकता पर केंद्रित है।

**सुभाष चंद्र बोस का जीवन:**

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा**

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक, उड़ीसा में एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस एक प्रसिद्ध वकील थे। बचपन से ही सुभाष में देशभक्ति की भावना गहरी थी।

**शिक्षा:**

सुभाष ने प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता से पढ़ाई की और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.सी.एस.) परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया। हालांकि, उन्होंने ब्रिटिश शासन के अधीन नौकरी करने से इनकार कर दिया और देश की सेवा में जुट गए।

**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान:**

सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

1938 में हरिपुरा अधिवेशन और 1939 में त्रिपुरी अधिवेशन में उन्होंने कांग्रेस का नेतृत्व किया।

गांधीजी से विचारधारा में मतभेद होने के कारण उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।

1941 में ब्रिटिश सरकार द्वारा नजरबंद किए जाने के बाद उन्होंने गुप्त रूप से देश छोड़ दिया और जर्मनी तथा जापान के सहयोग से आज़ाद हिंद फौज (Indian National Army) का गठन किया।

उनका उद्देश्य था सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र करना।

**आजाद हिंद फौज और उनकी भूमिका:**

सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में आज़ाद हिंद फौज का नेतृत्व संभाला। उन्होंने भारतीय सैनिकों को एकजुट कर स्वतंत्रता संग्राम को नया मोर्चा दिया।

उन्होंने आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना की, जिसे जर्मनी, जापान और इटली जैसे देशों ने मान्यता दी।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में फहराकर उन्होंने भारत की स्वतंत्रता की घोषणा की।

**प्रेरणादायक व्यक्तित्व:**

सुभाष चंद्र बोस का व्यक्तित्व ओजस्वी था। उनकी भाषण शैली और नेतृत्व कौशल ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस के विचारों की प्रासंगिकता:

सुभाष चंद्र बोस के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे।

**युवाओं के लिए प्रेरणा:**

आज के युवाओं के लिए उनका जीवन साहस, संघर्ष और नेतृत्व का एक आदर्श है।

**देशभक्ति और आत्मनिर्भरता:**

उनका स्वराज का सपना आज भारत की आत्मनिर्भरता की नीति में झलकता है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा:**

उन्होंने भारतीय सेना की मजबूती और तकनीकी विकास पर जोर दिया। आज की भारतीय सेना उनकी दूरदर्शी सोच को साकार कर रही है।

**स्मारक और संस्थान:**

सुभाष चंद्र बोस की याद में कई स्मारक, म्यूजियम और संस्थान बनाए गए हैं।

**दिल्ली का नेताजी भवन।**

**कोलकाता में नेताजी संग्रहालय।**

**भारतीय सेना में नेताजी सुभाष ट्रेनिंग एकेडमी।**

**आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण:**

सुभाष चंद्र बोस का विचार था कि आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय के बिना स्वतंत्रता अधूरी है। यह विचार आज भारत की विकास योजनाओं में शामिल है।

**भविष्य की दिशा में सुभाष चंद्र बोस की शिक्षाओं से प्रेरणा:**

सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें सिखाता है कि अगर हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है, तो हम किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं।

**युवाओं का सशक्तिकरण:**

शिक्षा और देशभक्ति का मेल ही सशक्त युवा तैयार कर सकता है।

**आर्थिक स्वावलंबन:**

बोस ने आर्थिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया था। भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उनके विचार आज भी मार्गदर्शक हैं।

**राष्ट्रीय एकता और प्रगति:**

सुभाष चंद्र बोस ने जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर भारत को एकजुट करने का सपना देखा था। उनके इस दृष्टिकोण को लागू करके भारत आने वाले कल में और अधिक प्रगति कर सकता है।

**निष्कर्ष :**

सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने जो सपना देखा था, वह न केवल भारत की स्वतंत्रता तक सीमित था, बल्कि एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना था जो हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त हो।

उनके विचार और कार्य आज भी हमारे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका जीवन हमें बताता है कि असंभव कुछ भी नहीं है, बस जरूरत है सही दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प की। कल, आज और कल में सुभाष चंद्र बोस हमेशा प्रासंगिक रहेंगे।

## विदेश की खबरें

### भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने जन्मजात नागरिकता संबंधी शासकीय आदेश का विरोध किया

**वाशिंगटन :** भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने अमेरिका में पैदा हुए किसी भी व्यक्ति के लिए स्वत: नागरिकता के नियम में परिवर्तन संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासकीय आदेश का विरोध किया है। इस कदम से न केवल विश्व भर से आए अवैध अप्रवासी प्रभावित होंगे, बल्कि भारत से आए छात्र और पेशेवर भी प्रभावित होंगे।

सोमवार को राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती घंटों में ट्रंप ने एक आदेश पर हस्ताक्षर किया, जिसमें घोषणा की गई कि भविष्य में बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के, देश में पैदा होने वाले बच्चों को अब नागरिक नहीं माना जाएगा। यह आदेश देश में वैधानिक रूप से लेकिन अस्थायी रूप से रहने वाली कुछ माताओं के बच्चों पर भी लागू होगा, जैसे कि विदेशी छात्र या पर्यटक।

ट्रंप के शासकीय आदेश में कहा गया है कि ऐसे गैर-नागरिकों के बच्चे अमेरिका के 'अधिकार क्षेत्र के अधीन' नहीं हैं और इस प्रकार वे 14वें संशोधन की दीर्घकालिक संवैधानिक गारंटी के अंतर्गत नहीं आते हैं। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि शासकीय आदेश के माध्यम से जन्मजात नागरिकता के नियम में किए गए परिवर्तन से न केवल अवैध और गैर-दस्तावेज वाले अप्रवासियों के नवजात शिशुओं पर असर पड़ेगा, बल्कि 'एच-1बी' वीजा पर वैध रूप से इस देश में रह रहे लोगों पर भी इसका असर पड़ेगा।

### ट्रंप की आव्रजन नीति के कारण कुछ परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने के जोखिम पर कर रहे विचार

**सैन फ्रांसिस्को :** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे आव्रजकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से शिकंजा कसे जाने के बीच कुछ परिवार इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि क्या बच्चों को स्कूल भेजना सुरक्षित है। कई जिलों में, शिक्षकों ने अभिभावकों को आश्वस्त करने का प्रयास किया है कि स्कूल उनके बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान हैं। दरअसल ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा की कि वह दशकों पुरानी नीति समाप्त करते हुए संघीय आव्रजन एजेंसियों को स्कूलों, गिरजाघरों और अस्पतालों में गिरफ्तारी करने की अनुमति देगा। इसके बाद अभिभावकों के बीच चिंता पैदा हुई है।

### बांग्लादेश की एक अदालत ने विध्वंसक गतिविधि से संबंधित 10 पुराने एक मामले में किया बरी

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने बीएनपी की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को विध्वंसक गतिविधि से संबंधित 10 साल एक पुराने मामले बरी कर दिया। सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने खबर दी है कि कॉमिला जिले की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (अदालत द्वितीय) अफरोजा जस्मीन ने यह आदेश पारित किया क्योंकि जिया (79) के विरूद्ध कोई सबूत नहीं है। जिया फिलहाल लंदन में इलाज करवा रही हैं। 'बीएसएस' के मुताबिक अदालत ने कहा कि यह मामला राजनीतिक आधार पर और उत्पीड़न की मंशा से दर्ज किया गया था। पच्चीस जनवरी, 2015 को बंद के दौरान एक ढकी हुई गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने और उसमें आग लगाने को लेकर जिया समेत 32 लोगों के खिलाफ विशेष शक्तियां अधिनियम, 1974 के तहत कॉमिला के चौड़ाग्राम थाने में मामला दर्ज किया गया था।

जिया इस मामले में 32वीं आरोपी थीं। न्यूज पोर्टल 'बीडीन्यूज 24' ने सरकारी वकील कैमूल हक रिंकू के हवाले से कहा कि जिया के विरूद्ध कोई सबूत नहीं मिला इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी में 32 लोगों के नाम थे, लेकिन बाद में 42 लोगों पर आरोप लगाए गए। इनमें से 36 लोगों को मामले से हटा दिया गया है। छह अन्य लोगों पर निर्णय बाद में लिया जाएगा क्योंकि उन्हें निलंबन आदेश मिल गया है।

### अमेरिका ने अगर शुल्क लगाया तो कनाडा भी पीछे नहीं रहेगा: कनाडा के नेता

**टोरंटो :** कनाडा के निवर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और देश के तेल संपन्न अल्बर्टा प्रांत के नेता डैनियल स्मिथ को भरोसा है कि कनाडा अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क से बच सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह एक फरवरी से कनाडा पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। जस्टिन ट्रूडो और डैनियल स्मिथ ने तर्क दिया कि कनाडा ऊर्जा महाशक्ति है, जिसके पास तेल और महत्वपूर्ण खनिज भंडार है और ट्रंप के संकल्प के मुताबिक अमेरिका को 'तेजी से बढ़ती' अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कनाडा की इस संपदा की आवश्यकता होगी। कनाडा में विनिर्माण और ऑटोमोबाइल के केंद्र, ओंटारियो के प्रमुख डग फोर्ड ने कहा कि कारोबारी मुकाबला 100 प्रतिशत होने वाला है।

## वर्ग पहेली नं. 2984



➲ **बायें से दायें:-** 1) शरीरमुद्रा; शैली; इठलाहट; चुकता; नाज़-नख़रा, 3) प्रतीक्षारत; आतुर, 6) गुप्तचर, 8) हमेशा, 9) सामने, 11) सूखी घास का टुकड़ा, 13) ओहदा; दर्जा; जगह, 14) चौकी, 15) प्रतिभूति; *गारंटी,* जिम्मेदारी, 17) पहेली का उत्तर निकालना, 19) उत्पाद; धन; सुंदर स्त्री; सामान; *लगेज,* 21) कुछ नहीं; अस्तित्वहीन, 22) *कंप्यूटर मानिटर*; घूँघट; आवरणपट; *कर्टेन,* 24) चमकीला, 26) अपकीर्ति, 27) जलप्रणाली; *ड्रेनेज,* 28) विशाल, 29) उदित; महँगा; पराकाष्ठागत, 30) नाना का घर, 31) औषधियों का उबाला हुआ रस.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) अनुसार; योग्य, 2) अनैतिक; तर्कहीन; अप्रासंगिक, 3) चने की दाल का आटा, 4) केवल; वर्चस्व; अधिकार, 5) ज्ञात, 7) प्रसूता, 10) दुर्गंध, 12) नेत्रांजन, 14) विविध, 16) गणिका, 18) आभास होना, 19) वैध; प्रचलित; अनुमत, 20) सही - ग़लत; तकरार; सौदेबाज़ी, 21) योद्धा; पराक्रमी, 22) अंतरा; डग; आसन; पैर, 23) महँगा, 25) बरामदा, 26) आनंदित; पुनर्स्थापित, 28) बृहत्; बड़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2944

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | 8 | 2 | |
| 4 | | | 7 | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| 3 | | | 5 | | | | 7 | |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 8 | | | | 2 | | | |
| 5 | | | | | | | | 4 |
| | | | | 1 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2943 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 9 |




# अब टेंगरा में निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत झुकी, लोगों में दहशत

❑ **कोलकाता नगर निगम ने दिया तोड़ने का निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के बहुमंजिली इमारतों को लेकर अब सवाल उठ रहें हैं कि क्या यहां के तमाम इमरात भूकंप का एक बड़ा झटका को बर्दाश्त कर सकेंगे? यह सवाल लाख टके का है। इस बीच, कोलकाता में बाघाजतिन के बाद अब टेंगरा इलाके में एक निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत झुक गई, जिससे आसपास के निवासियों में हड़कंप मच गया। उक्त घटना के बाद कोलकाता नगर निगम ने तुरंत निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत को तोड़ने का निर्देश दिया। खबर के लिखे जाने तक पुलिस द्वारा इलाके में माइकिंग की जा रही थी व इमारत को तोड़ने की मुहिम शुरु हो गई थी।



उक्त निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत झुकने की घटना क्रिस्टोफर रोड की है, जहां कोलकाता नगर निगम के 58 नंबर वार्ड में यह निर्माणाधीन इमारत झुककर पास के मकान पर गिर गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पांच मंजिला यह इमारत पिछले साल एक प्रमोटिंग कंपनी ने बनाना शुरू किया था और अब लगभग पूरी हो चुकी थी। हालांकि, निर्माण कार्य के दौरान ही यह इमारत झुक गई। गनीमत यह रही कि इमारत में कोई निवासी नहीं था, केवल मजदूर ही काम कर रहे थे, जो सुरक्षित बताए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान नगर निगम के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इमारत को पड़ोसी मकानों से पर्याप्त दूरी पर बनाया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके अलावा, इलाके की मिट्टी का परीक्षण किए बिना इमारत निर्माण की अनुमति देना नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। नगर निगम के अधिकारियों ने घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत इंजीनियरों को मौके पर भेजा। इंजीनियरों ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट बिल्डिंग विभाग को सौंपी। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद से हमने स्थिति पर नजर बनाए रखी है। रिपोर्ट में कुछ चिंताजनक बात सामने नहीं आई है, लेकिन इंजीनियर लगातार नजर रख रहे हैं।

## राज्य सरकार की अत्यधिक सक्रियता चकित करने वाली : आरजीकर पीड़िता के पिता

**कोलकाता, समाज्ञा :** दरिंदगी की शिकार आरजीकर अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के पिता ने कहा है कि इस मामले में फैसला आने के बाद राज्य सरकार की अत्यधिक सक्रियता चकित करने वाली है। बता दें कि बंगाल सरकार ने प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म-हत्या मामले में दोषी संजय राय के मुत्युदंड की मांग को लेकर हाईकोर्ट में अपील की है। पीड़िता के पिता ने दावा किया कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस फैसले के पीछे एक बड़ा खेल है। वह (ममता) एक महान राजनीतिज्ञ हैं। इसमें कुछ राजनीति अवश्य होगी। इसीलिए मुख्यमंत्री ने ऐसा आदेश दिया है। इस मामले में पहले जो कदम उठाने चाहिए थे वह मुख्यमंत्री ने नहीं उठाए।

## बाघाजतिन की घटना में तृणमूल पार्षद की गिरफ्तारी की मांग पर केएमसी में मेयर के कमरे के सामने विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के 99 नंबर वार्ड की तृणमूल कांग्रेस की पार्षद और मेयर परिषद सदस्य मिताली बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वर्तमान और पूर्व वाम पार्षदों ने कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान, उन्होंने मेयर के पास एक डिपुटेशन भी सौंपा। बाघाजतिन में एक बहुमंजिला इमारत के गिरने से जोरदार हलचल मच गई थी, और इस घटना के संदर्भ में मिताली बंदोपाध्याय के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। इस घटना के बाद, कोलकाता के अन्य स्थानों पर भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। बुधवार को टेंगरा में एक और बहुमंजिला इमारत झुक गई। इस घटना के बाद बामफ्रंट ने कोलकाता



नगर निगम से जवाब की मांग की है। मुख्य रूप से बाघाजतिन की घटना को लेकर बुधवार को नगर निगम में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न पोस्टर और प्लेकार्ड के साथ मिताली बंदोपाध्याय की इस्तीफा और गिरफ्तारी की मांग की। इसके अलावा, उनका कहना था कि जल वाली जमीन को भरकर और पेड़ काटकर कहीं भी निर्माण कार्य नहीं किया जाना चाहिए। वाम पार्षदों का आरोप है, हमारे पास जानकारी है कि जून से नवंबर तक 550 से अधिक अवैध इमारतें बनाई गई हैं। इसमें पार्षद, पुलिस और प्रॉपर्टी डेवेलपर सभी शामिल हैं। इसलिए, 99 नंबर वार्ड के पार्षद का इस्तीफा और मिताली बंदोपाध्याय और प्रॉपर्टी डेवेलपर की गिरफ्तारी होनी चाहिए। इस पर, मेयर फिरहाद हकीम का कहना है कि हिले हुए घरों की संख्या लगभग 30 है। इस पर ज्यादा हंगामा करने की जरूरत नहीं है। 99 नंबर वार्ड के मामले में दो इंजीनियरों को शो-कॉज किया गया है। रिपोर्ट दाखिल हो चुकी है और तकनीकी रिपोर्ट भी जमा की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि नवान्न में जो रिपोर्ट भेजी गई है, वह पास हो जाने पर अवैध निर्माणों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## मटियाब्रुज में घर तोड़ने गए निगम कर्मियों को लोगों ने भगाया

### विवाद के दौरान निगम कर्मियों को मारने की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेटियाब्रुज में घर तोड़ने गए कोलकाता नगर निगम के कर्मचारियों को स्थानीय लोगों के हमले का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें काम छोड़कर भागना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, नगर निगम के कर्मचारी एक 8 कट्ठा जमीन पर स्थित घर के अवैध रूप से बने हिस्से को तोड़ने के लिए पहुंचे थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने तोड़ने का काम शुरू किया, इलाके के लोग उनसे भिड़ गए और बहस करने लगे। बाद में कुछ लोग तो आक्रामक होकर उनके साथ मारपीट करने तक पहुंच गए, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि 138 नंबर वार्ड में एक एकतल्ला घर का एक बड़ा हिस्सा अवैध रूप से निर्मित किया गया था। इस अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए नगर निगम के बिल्डिंग डिवीजन के कर्मचारियों ने कार्यवाही की शुरुआत की थी, और साथ में 15 नंबर वार्ड के कर्मचारी भी शामिल थे। जैसे ही उन्होंने काम शुरू किया स्थिति बिगड़ गई। घटना के बाद इलाके में राजनीतिक हलचल भी शुरू हो गई है। 138 नंबर वार्ड की तृणमूल काउंसलर फरिदा परवीन ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मेरे बेटे की तबियत खराब थी, और शाम को घर लौटने पर मैंने इस घटना के बारे में जाना। जो भी सही होगा, उसके हिसाब से नगर निगम कदम उठाएगा। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। वहीं, कोलकाता के मेयर ने इस मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराने की बात कही है और इसके बाद ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के पास दिनदहाड़े युवक पर गोलीबारी, अस्पताल में इलाजरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर में बुधवार को दिनदहाड़े पुलिस कमिश्नर कार्यालय के पास एक युवक को गोली मार दी गई। यह बैरकपुर के चिड़ियामोड़ इलाके में घटी। घटना से पुलिस एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गोली लगने से एक युवक मो. इमदाद गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्प-ताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में इमदाद अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी बाइक पर सवार तीन हमलावर वहां पहुंचे। उन्होंने इमदाद पर एक के बाद एक गोलियां चला दीं। एक गोली उनकी पसली में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर गया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल इमदाद को रक्तरंजित हालत में स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया।



डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत बेहद गंभीर है। घटना की खबर मिलते ही बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के अतिरिक्त कमिश्नर इंद्र बदन झा, बैरकपुर के अतिरिक्त उप कमिश्नर मोहम्मद बदरुज्जमां और टीटागढ़ थाना प्रभारी तापस कुमार नस्कर सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे। यह घटना पुलिस कमिश्नरेट से थोड़ी ही दूरी पर हुई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोग इस वारदात से डरे हुए हैं और उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमलावर कौन थे और उन्होंने हमला क्यों किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## पोस्ता क्षेत्र में छापेमारी: क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**कोलकाता :** बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर एआरएस डीडी (एंटी राउडी स्क्वाड, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट) ने कोलकाता के पोस्ता थाना क्षेत्र में छापेमारी कर क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान रिद्धि सिद्धि एस्से सेंटर नामक दुकान (26, अड़ी बांसतला लेन, कोलकाता-7) से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।





**गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान:**

❑ पूनम वर्मा (44 वर्ष), पिता: गो-विंद प्रसाद वर्मा, निवासी: 16, गोलाघाटा रोड, कोलकाता-48, पी.एस. लेक टाउन।

❑ रमेश कुमार वर्मा (48 वर्ष), पिता: हरि शंकर वर्मा, निवासी: अजीत अपार्टमेंट, 272, श्यामनगर रोड, कोलकाता-55, पी.एस. दमदम।

**छापेमारी में जब्त सामग्री:**

❑ दो मोबाइल फोन, जिनमें कई सट्टेबाजी यूजर आईडी पाई गई।

❑ एक टेलीविजन।

❑ 30,000 नकद।

**क्रिकेट सट्टेबाजी का तरीका:**

गिरफ्तार व्यक्तियों ने स्काईएक्सचेंज एप्लिकेशन के माध्यम से चल रही आईडीएफसी फर्स्ट बैंक इंडिया बनाम इंग्लैंड टी20आई ट्रॉफी के दौरान सट्टेबाजी का संचालन कर रहे थे।

**मामला दर्ज:**

उपरोक्त मामले के आधार पर पोस्ता थाने में धारा 61(2)/318(2) बीएनएस और पश्चिम बंगाल जुआ एवं पुलिसिंग अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

पुलिस का कहना है कि सट्टेबाजी के इस रैकेट की जड़ तक पहुंचने और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए आगे की जांच की जाएगी।

## सोदपुर में बेटे की यातना और अपमान के कारण पिता ने की आत्महत्या, बेटा गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के खड़दह थाना अंतर्गत सोदपुर के एलएमबी रोड इलाके में बेटे की यातना और अपमान के कारण एक पिता ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बीरेन देव (85) के रूप में की गई है। बुजुर्ग की मौत की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने आरोपी बेटे को पहले हिरासत में लिया गया और फिर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम सजल देव है। बताया गया है कि बीरेन देव की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। वह अपने बेटे और बहू के साथ रहते थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिरेन का बेटा सजल देव अपने बुजुर्ग पिता को अक्सर पीटता और अपमानित करता था। यहां तक कि आरोप है कि सजल अपने पिता को खाने को खाना भी नहीं देता था।



आखिरकार, मंगलवार की रात को बुजुर्ग का लटका हुआ शव उसके घर से बरामद किया गया। जैसे ही यह खबर फैली, इलाके में तीव्र आक्रोश फैल गया। बिरेन के बेटे और बहू को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सूचना मिलते ही खड़दह थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उसके बेटे को भी हिरासत में लिया। बाद में, पुलिस ने सजल देव को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी के लिए कड़ी सजा की मांग की है।

## असफाकुल्लाह के खिलाफ जांच पर हाईकोर्ट का 6 सप्ताह का स्थगनादेश, पुलिस की भूमिका पर उठाया सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा**

जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक अशफाक उल्ला नैयर के खिलाफ जांच प्रक्रिया को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चल रही जांच पर 6 सप्ताह का स्थगन आदेश जारी किया है और साथ ही पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। अशफाक उल्ला के खिलाफ एमएस कोर्स पूरा करने से पहले डिग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में मेडिकल काउंसिल ने पहले उन्हें कड़ी चिट्ठी भेजी थी, बाद में ईलेक्ट्रॉनिक्स थाना पुलिस ने उन्हें तलब किया था। आरोपों के अनुसार, पुलिस ने बिना किसी ठोस कारण के अशफाक उल्ला के घर की तलाशी ली थी।

इसके बाद, उन्हें ईलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाना में भी तलब किया गया था। अशफाक उल्ला ने इस मामले में हाईकोर्ट का रुख किया था, और बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्हें राहत मिली। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने कहा कि पुलिस के पास जांच को आगे बढ़ाने के लिए उचित दस्तावेज और तथ्य नहीं थे। कोर्ट ने यह सवाल भी उठाया कि यदि पुलिस इन तथ्यों को जुटाकर जांच शुरू करती, तो कोई नुकसान क्यों होता। इस फैसले के बाद, राज्य सरकार और पुलिस को बड़ा झटका लगा है, और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं।

## सर्जरी के बाद सीने में ही रह गया था कपड़े का टुकड़ा, अस्पताल को देना होगा पांच लाख मुआवजा

### सरकारी अस्पताल में सर्जरी कर निकाला गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक निजी अस्पताल में सर्जरी के दौरान लापरवाही के कारण कपड़े का टुकड़ा (गज) मरीज के सीने के अंदर ही रह गया था। बाद में, सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में दोबारा सर्जरी के जरिए उसे निकाला गया। राज्य स्वास्थ्य आयोग ने इस लापरवाही के लिए निजी अस्पताल को मरीज के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। स्वास्थ्य आयोग के अध्यक्ष असीम कुमार बनर्जी ने कहा कि अस्पताल की लापरवाही के संबंध में शिकायत पिछले साल अगस्त में दर्ज की गई थी। मरीज ने शिकायत की कि मेडिका में सर्जरी के बाद उसके सीने में फिर समस्या उत्पन्न हो गई। यद्यपि, अस्पताल को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अस्पताल ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। बाद में, मरीज के सीने के एक्स-रे से पता चला कि वहां एक कपड़े का टुकड़ा है। इसके बाद भी अस्पताल ने कोई कदम नहीं उठाया। मरीज ने शिकायत की कि अस्पताल ने उसे बताया कि कपड़े के टुकड़े को निकालने के लिए एक और सर्जरी की आवश्यकता होगी। लेकिन, मरीज के परिवार को इसका खर्च वहन करना होगा। उन्हें यह भी बताया गया कि इस मामले में स्वास्थ्य बीमा या कोई मेडिक्लेम लाभ उपलब्ध नहीं होगा। मरीज के परिवार वाले इस बात से सहमत नहीं हुए। उनके अनुसार, अस्पताल की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए अगली सर्जरी नि:शुल्क होनी चाहिए। इसके बाद, वे एसएसकेएम अस्पताल गए और वहां मरीज की सर्जरी हुई। स्वास्थ्य आयोग में 29 अगस्त व 29 नवंबर को दो दिनों की सुनवाई के बाद निजी अस्पताल को जुर्माना भरने को कहा गया।

## बक्सा के जंगल में घुसपैठियों को गोली मारने के नोटिस पर भड़कीं ममता, एयरफोर्स को दी कड़ी चेतावनी

❑ **मुख्यमंत्री ने बक्सा में होमस्टे, रिसॉर्ट, होटलों से उत्पन्न जटिलताओं के बारे में बोली**

**अलीपुरद्वार :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अलीपुरद्वार में आयोजित प्रशासनिक बैठक में बक्सा जंगल में लगे एक विवादित नोटिस पर नाराजगी जाहिर की। इस नोटिस में लिखा गया था कि घुसपैठियों को गोली मार दी जाएगी। ममता बनर्जी ने इसे 'अनहेल्दी लाइन' करार दिया और एयरफोर्स की कड़ी आलोचना की। बक्सा जंगल में भारतीय वायुसेना ने एक नोटिस बोर्ड लगाया है, जिसमें घुसपैठियों को गोली मार दी जाएगी लिखा है। ममता बनर्जी ने इस पर सख्त आपत्ति जताते हुए सवाल किया कि बिना जिला प्रशासन, पुलिस और वन विभाग से चर्चा किए एयरफोर्स इस तरह का नोटिस कैसे जारी कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह लाइन बेहद अनहेल्दी है। ऐसे नोटिस की इजाजत नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्री ने एयरफोर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यह जानबूझकर किया गया है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि यह हरकत सरकार की सहमति के बिना की गई है और इसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। ममता बनर्जी ने बक्सा इलाके में होम स्टे, रिसॉर्ट और होटलों को लेकर चल रहे विवाद पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति का अधिकार है कि वह अपने घर में होम स्टे चलाए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने होम स्टे बंद करने के आदेशों पर नाराजगी जताई और लोगों को अदालत में जाकर अपना पक्ष रखने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जंगल सफारी के नाम पर पर्यटकों से अतिरिक्त शुल्क नहीं वसूला जा सकता। इसके अलावा, अगर जंगल काटकर कहीं निर्माण कार्य किया जाता है, तो इसकी मंजूरी देने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**13151/13152 कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस चिचाकी में अस्थायी तौर पर रुकेगी**

उर्स उत्सव के अवसर पर, **13151/13152 कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस दिनांक 05.02.2025 से 19.02.2025 तक** चिचाकी स्टेशन पर निम्नानुसार दो (2) मिनट के लिए अस्थायी तौर पर रुकेगी: :

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन (कोड) | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|
| 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस | चिचाकी (सीसीके) | 18.04 | 18.06 |
| 13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस | चिचाकी (सीसीके) | 08.44 | 08.46 |

सभी अन्य निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Name Change**

I, Md. Jamaluddin son of Md. Nazim of 82, Rabindra Sarani, P.S. – Jorasanko, Kolkata 700073 have sworn before the Learned Judicial Magistrate, at Kolkata vide Affidavit number 2924 dated 17.01.2025 that correct spelling of my father's Md. Nazim but in my voter identity card my father's name wrongly written as Md. Anwar. Md. Nazim and Md. Anwar are the same person being my father.

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/सी एंड वी/न्यू अलॉटमेंट/एमपीएस/2021, हावड़ा, दिनांक:** 21.01.2025, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के 'सी' कैटेगरी पाण्डुया स्टेशन पर 01 मल्टी-परपज स्टॉल (एमपीएस) के आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.:एमपीएस-एफईबी06-25, क्रम सं.:** एए/1; **लॉट सं./कैटेगरी:** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-एमपीएस-75-25-2 (एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल), **विवरण:** 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस)-आरक्षित, **रेट यूनिट:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **ट्रिप/दिन:** 1826, **अंतिम तिथि/समय:** 06.02.2025 को 12.30 बजे। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2, **ईएमडी :** 5%, **अपेक्षित टर्नओवर :** 0 HWH-558/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए कार्य करते हुए सीपीएम/जीएसयू/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित खुली निविदा के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या: 1; निविदा सूचना संख्या:** सीकेपी-जीएसयू-टाटा-ईपीसी-24-25-01; **कार्य का नाम:** टाटा नगर- दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटा नगर जंक्शन रेलवे स्टेशन का एकीकृत पुनर्विकास, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर; **निविदा मूल्य:** ₹ 3,26,87,59,977.00; **बयाना राशि:** ₹ 1,63,43,800.00; **निविदा दस्तावेज की लागत (रु. में)** ₹ 0.00; **निविदा खुलने की तिथि:** 04.04.2025। निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेने के समय सभी संबंधित कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। **नोट: सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा दस्तावेज निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण- रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/नीति दिनांक 16.07.2020)।** इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है, और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। **(PR-1043)**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 08_2024-25, दिनांक 22.01.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक (इंजी.), गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, हावड़ा, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं. 08_2024-25, कार्य का विवरण** : सेवड़ाफुली स्टेशन में पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन को ईआई से प्रतिस्थापित करने की परियोजना के संबंध में सेवड़ाफुली में ईआई बिल्डिंग का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,43,46,440.69, **बयाना राशि:** रु. 2,71,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** 0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 09 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 14.02.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-560/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कुछ ट्रेनों का टर्मिनल परिवर्तन/मार्ग परिवर्तन/निरस्तीकरण/पुनर्निर्धारण**

महा कुम्भ मेला के दौरान कुछ ट्रेनों की आवाजाही निम्नानुसार नियंत्रित की जाएगी:-

❑ **मार्ग परिवर्तन:** • **12330** आनंद विहार टर्मिनल-सियालदह सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01.2025) तथा **12380** अमृतसर-सियालदह जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 02.02.2025) अपनी यात्रा के वर्तमान मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जंक्शन-मिर्जापुर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर चलेगी। •**12329** सियालदह-आनंद विहार टर्मिनल सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01.2025) अपनी यात्रा के वर्तमान मार्ग पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-मिर्जापुर-प्रयागराज जंक्शन-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-वाराणसी-जाखिम-उन्नाव-कानपुर सेंट्रल होकर चलेगी। •**12302** नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01, 30.01.2025, 03.02 एवं 04.02.2025) अपनी यात्रा के वर्तमान मार्ग प्रयागराज जंक्शन-मिर्जापुर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर चलेगी। • **15743** बालुरघाट-बठिण्डा जंक्शन फरक्का एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01 एवं 29.01.2025) तथा **15744** बठिण्डा जंक्शन-बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01.2025) दोनों दिशाओं में अपनी यात्रा के वर्तमान मार्ग वाराणसी-जफराबाद जंक्शन-अयोध्या कैण्ट.-बाराबंकी जंक्शन-लखनऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जफराबाद जंक्शन-सुल्तानपुर-लखनऊ होकर चलेगी।

❑ **निरसन** : • **12367** भागलपुर-नई दिल्ली विक्रमशीला एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01, 29.01.2025, 02.02 एवं 03.02.2025). • **12368** नई दिल्ली-भागलपुर विक्रमशीला एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01, 30.01.2025, 03.02 एवं 04.02.2025). • **12307** हावड़ा-जोधपुर सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2025). • **12308** जोधपुर-हावड़ा सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01.2025). • **22307** हावड़ा-बीकानेर सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 31.01.2025). • **22308** बीकानेर-हावड़ा सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 02.02.2025). • **12311** हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01 एवं 31.01.2025). • **12312** कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01.2025 एवं 02.02.2025). • **22466** आनंद विहार टर्मिनल-मधुपुर बाबा बैद्यनाथधाम देवघर एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01.2025). • **22465** मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथधाम देवघर एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.01.2025). • **12941** भावनगर-आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01.2025). • **12942** आसनसोल-भावनगर पारसनाथ एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.01.2025). • **15658** कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.01.2025 एवं 02.02.2025). • **15657** दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.01.2025 एवं 04.02.2025).

❑ **पुनर्निर्धारण:** • **22308** बीकानेर-हावड़ा सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01.2025) 6 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी बीकानेर से रात 11.55 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **सुबह 05.55 बजे** रवाना होगी। • **12495** बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.01.2025) 4 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी बीकानेर से सुबह 06.00 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **सुबह 10.00 बजे** रवाना होगी। •**12308** जोधपुर-हावड़ा सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02.2025) 6 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी जोधपुर से रात 11.55 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **सुबह 05.55 बजे** रवाना होगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# देश के पहले सस्ते भोजन वाले एयरपोर्ट कैफे में पहले माह 900 यात्रियों की दैनिक औसत उपस्थिति दर्ज

**कोलकाता :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खुले देश के पहले 'सस्ते भोजन' वाले कैफे ने यात्रियों के बीच अपनी खास जगह बना ली है। पहले महीने में यहां प्रतिदिन औसतन 900 यात्रियों की उपस्थिति दर्ज की गई। यात्रियों के लिए 'उड़ान यात्री कैफे' में चाय मात्र 10 रुपये में उपलब्ध है, जबकि हवाईअड्डे की अन्य खाद्य दुकानों पर यही चाय कई गुना ज्यादा कीमत पर बेची जाती है। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआइ) के प्रवक्ता ने कहा, ''कैफे में प्रतिदिन औसतन 900 यात्रियों की उपस्थिति दर्ज हो रही है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।'' इसका मतलब है कि एक महीने में यह कैफे लगभग 27,000 यात्रियों को सेवाएं दे चुका है। पिछले साल 21 दिसंबर को कोलकाता हवाईअड्डे के शताब्दी




समारोह के दौरान इस कैफे का उद्घाटन करने वाले नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जरापु ने कैफे में यात्रियों की बढ़ती संख्या पर खुशी जाहिर की है। मंत्री ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से मेरा उद्देश्य हवाई यात्रा को हर भारतीय के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाना रहा है। कोलकाता हवाईअड्डे पर 'उड़ान यात्री कैफे', देश का पहला सस्ता भोजन आउटलेट है और इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' हवाईअड्डा के सूत्रों के अनुसार, इस कैफे का संचालन एक निजी कंपनी कर रही है। यहां पानी की बोतल 10 रुपये में, जबकि कॉफी, मिठाई और समोसा 20 रुपये में उपलब्ध है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह के सस्ते कैफे अन्य हवाईअड्डों पर भी स्थापित किए जा सकते हैं। यह कैफे नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई)के सहयोग से शुरू किया गया है। इसे शुरू करने का मुख्य कारण यात्रियों की शिकायतें थीं कि हवाईअड्डों पर भोजन और पेय पदार्थों की कीमतें अत्यधिक हैं। हाल ही में एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 60 प्रतिशत हवाई यात्री यह मानते हैं कि हवाईअड्डे पर खाद्य सामग्री और पेय पदार्थों की कीमतें रेलवे स्टेशनों की तुलना में 100-200 प्रतिशत अधिक हैं। पिछले महीने जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट में 28,000 से अधिक हवाई यात्रियों की प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। इनमें से 43 प्रतिशत प्रतिभागी टियर-1 शहरों से, 30 प्रतिशत टियर-2 शहरों से, 27 प्रतिशत टियर-3, 4, 5 शहरों से और ग्रामीण क्षेत्रों से थे।

# विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का बंगाल में सांगठनिक शक्ति बढ़ाने पर जोर

**❑ केंद्रीय पर्यवेक्षक ने प्रदेश नेतृत्व को बूथ स्तर पर कमेटी गठित करने का कार्य जल्द पूरा करने का दिया निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा की प्रदेश इकाई और केंद्रीय नेतृत्व ने यहां अपनी सांगठनिक शक्ति को बढ़ाने के लिए कमर कस ली है। इसी क्रम में, मंगलवार को भाजपा के केंद्रीय नेता-ओं ने यहां प्रदेश नेताओं के साथ विशेष संगठनात्मक बैठक की। बैठक में बंगाल भाजपा के केंद्रीय प्रभारी सुनील बंसल ने प्रदेश नेताओं को बूथ स्तर पर कमेटी गठित करने का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि जब तक बूथ स्तर पर कमेटी का गठन नहीं होता, तब तक यहां सांगठनिक शक्ति को मजबूत नहीं किया जा सकता। केंद्रीय नेताओं ने सभी मंडलों को बूथ स्तर पर चुनाव कराने और करीब 86,000 बूथों पर स्थानीय समितियां बनाने का निर्देश दिया। पहले नेता सदस्यों को मनोनीत करते थे, लेकिन अब चुनाव होंगे और इसलिए सभी समितियों को प्रामाणिक और वास्तविक होना चाहिए। इस कदम का उद्देश्य मनमानी और भाई-भतीजावाद पर अंकुश लगाना है। पार्टी संविधान के अनुसार, एक स्थानीय समिति में अध्यक्ष सहित अधिकतम 12 सदस्य होने चाहिए। सभी सदस्यों का चुनाव स्थानीय समिति के प्राथमिक सदस्यों द्वारा किया जाएगा, जिसमें एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इतना ही नहीं, केंद्रीय नेतृत्व के हालिया निर्देश के अनुसार, केवल सक्रिय सदस्य ही समिति का हिस्सा बन सकते हैं और कम से कम एक तिहाई पुराने सदस्यों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में हुई इस बैठक में बंगाल भाजपा के केंद्रीय प्रभारी सुनील बंसल व मंगल पांडेय के अलावा सह-प्रभारी अमित मालवीय के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत प्रदेश इकाई के अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। बैठक में केंद्रीय नेताओं ने सदस्यता अभियान में लक्ष्य के अनुरूप सदस्य नहीं जोड़ पाने को लेकर भी प्रदेश नेतृत्व से सवाल किया। बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय नेताओं ने पूछा कि आखिर यह लक्ष्य क्यों हासिल नहीं किया जा सका?

## वार्ड जनता से समन्वय स्थापित करने के लिए पिकनिक

**हुगली :** 2025 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों की नीव अब गड़नी शुरू हो गई है। तृणमूल बूथ स्तर पर विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी है। इसी क्रम में श्रीरामपुर नगरपालिका के 29 नंबर वार्ड के पार्षद जय नाथ झा ने एक पिकनिक पार्टी का आयोजन किया जिसमे श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, श्रीरामपुर शहर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष व सीआईसी संतोष सिंह (पप्पू) समेत 29 नंबर वार्ड के स्थानीय निवासी शामिल रहे। पार्षद जयनाथ झा ने कहा कि साल भर तक लोग पिकनिक मनाने का बेसब्री से इंतजार करते है। इसलिए वार्ड की जनता के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से काटापुल भेड़ी में पिकनिक आयोजन किया गया।

# सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 2024 धनतेरस लकी ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने गुरुवार को कोलकाता में 2024 धनतेरस लकी ड्रॉ कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के तारकेश्वर शोरूम से ईवी कार की विजेता सुमिता मंडल और सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के अमतला शोरूम से विजेता राजेश्वर सिन्हा अपने परिवार के साथ सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुवांकर सेन और सीओओ संजय बनर्जी की उपस्थिति में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के कैमक स्ट्रीट शोरूम में अपनी दो ईवी कारें प्राप्त की। इसके अलावा, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कोलकाता और भारत के अन्य हिस्सों में अपने शोरूम्स में 15 (आईफोन 16) फोन अपने ग्राहकों को प्रदान किए। चंडीगढ़ के एलांटे मॉल स्थित सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स शोरूम के एक ग्राहक को तीसरी ईवी कार भी दी गई, जो 2024 धनतेरस के विजेताओं की घोषणा का एक हिस्सा है।




## पिता के फोन लेने पर बेटी ने की आत्महत्या

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के डोमजूड़ के दक्षिण झापरदह के गड़बागान इलाके में 17 वर्षीय एक लड़की ने मोबाइल फोन न दिए जाने पर आत्महत्या कर ली। पता चला है कि बुधवार को किशोरी का झूलता शव उसके घर से बरामद किया गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, माध्यमिक में फेल होने के बाद किशोरी ने पढ़ाई छोड़ दी। वह हर समय घर पर ही रहती थी और दिन भर लंबे समय तक अपने मोबाइल फोन पर रहती थी। लेकिन, इस दिन, किसी ने यह नहीं सोचा था कि उसके पिता द्वारा महज कुछ समय देर के लिए उसके मोबाइल फोन लेने पर वह ऐसा कर लेगी। परिवार के अनुसार, इस दिन, लड़की के पिता ने उसका मोबाइल फोन लेकर घर के पास ही खेल देखने गए थे। और उसी समय लड़की ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। गंभीर हालत में परिवार के सदस्यों ने उसे तुरंत बचाया और गंभीर हालत में डोमजूड़ ग्रामीण अस्पताल ले गए। लेकिन, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




**सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग के शिशु किशोर अकादमी द्वारा नंदन में आयोजित 11वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन करते मेयर फिरहाद हकीम, मंत्री अरुप विश्वास, मंत्री शशि पांजा, मंत्री ब्रात्य बासु, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, मंत्री इंद्रनील सेन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

## चार दिवसीय एसटीपीएल आज से

**कोलकाता :** स्पेश टाउन में दूसरी बार दिवा-रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आज से शुरू होकर 26 जनवरी, 2025 तक चलने वाली इस प्रतियोगिता को स्पेश टाउन प्रीमियर लीग (एसटीपीएल) नाम दिया गया है। 23 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ एसटीपीएल का आगाज होगा। इस मौके पर राजरहाट-गोपालपुर की विधायक आदितिमुंशी व विधाननगर नगर निगम के मेयर पर्षद के सदस्य देवराज चक्रवर्ती समेत कई जाने-माने लोग बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में अबकी विभिन्न नामों की कुल दस टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें छह टीम (पुरुष), दो टीम (महिला) और दो टीम (बच्चों) की होगी। प्रतियोगिता को तीन समूह (ग्रुप) में बांटा गया है और खिलाड़ियों की आयु 12 से 60 वर्ष निर्धारित की गई है। यह जानकारी महेश धानुका (अध्यक्ष), राजीव मोहता (सचिव) व राजेश गोयल (उपाध्यक्ष) ने संयुक्त रुप एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्पेश टाउन के निवासी सक्रियता से जुटे हैं।

## फ्लिपकार्ट की साझेदारी से कल्याणी में युवाओं को सप्लाई चेन इंडस्ट्री में प्रशिक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट ने अपनी सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) के माध्यम से युवाओं को सप्लाई चेन इंडस्ट्री में कौशल विकास के लिए कल्याणी, पश्चिम बंगाल स्थित इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लैब स्थापित की जाएगी, जहां युवाओं को सप्लाई चेन ऑपरेशंस से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम पूरा करने वाले प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट के केंद्रों पर 45 दिन की ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग (ओजेटी) या इंडस्ट्री एक्सपोजर का अवसर मिलेगा। फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हेमंत बद्री ने इस पहल को रोजगारपरकता बढ़ाने, प्रतिभाओं का पूल तैयार करने और भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सीबीआई 29 जनवरी को आरोपी कालीघाट वाले काकू का वॉयस सैंपल लेगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) शिक्षक भर्ती घोटाला मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्रा उर्फ कालीघाट वाले काकू के वॉयस सैंपल 29 जनवरी को लेगी। सूत्रों ने बताया कि भद्रा के वॉयस सैंपल मंगलवार को लिए जाने थे। लेकिन, ऐसा संभव नहीं हो सका, क्योंकि वह अपनी मेडिकल जटिलताओं के कारण मंगलवार को कोलकाता की विशेष अदालत में उपस्थित नहीं हो पाए। इसके बाद, विशेष अदालत के न्यायाधीश ने सीबीआई के लिए भद्रा के वॉयस सैंपल लेने की अगली तारीख 29 जनवरी तय की। विशेष अदालत के न्यायाधीश ने यह भी निर्देश दिया कि भद्रा उस दिन अदालत में उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि हालांकि, भद्रा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज स्कूल नौकरी मामले में जमानत मिल गई, जो अनियमितताओं की समानांतर जांच कर रहा है, लेकिन वह सलाखों से बाहर नहीं आ सका क्योंकि सीबीआई ने उसे उसी मामले में गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, ईडी के अधिकारियों ने भद्रा की आवाज के नमूने भी एकत्र किए थे।

# स्कूल मे खुदाई के दौरान मिली प्राचीन विष्णु मूर्ति

**हुगली, समाज्ञा :** बैंडेल स्थित विक्रमनगर हरनाथ नीरदा सुदंरी घोष उच्च विद्यालय में गुप्त युगीन विष्णु मूर्ति मिली है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बताया कि बलुआ पत्थर से बनी यह विष्णु मूर्ति बहुमूल्य और ऐतिहासिक महत्व की है। बीते 17 जनवरी से स्कूल परिसर में साइकिल स्टैंड बनाने के लिए खुदाई हो रही थी। खुदाई से निकली मिट्टी को एक कोने में इकट्ठा किया गया था। कक्षा नौ की दो छात्राएं, ज्योति मंडल और मोहिनी सरकार, खेलते समय वहां से मूर्ति देखकर चकित हो गईं। उन्होंने इसे भूगोल की शिक्षिका संगमित्रा पालित और अंग्रेजी शिक्षिका करुणा चट्टोपाध्याय को दिखाया। शिक्षिकाओं ने तुरंत समझ लिया कि यह ऐतिहासिक महत्व की वस्तु हो सकती है। स्कूल के प्रधानाचार्य सैकत दास ने कहा, हमारे स्कूल में एक ऐतिहासिक अवशेष मिला है, जो गर्व की बात है। इतिहास शिक्षक बिश्वरूप दे, जो पुरातत्व पर शोध करते हैं, उन्होंने गूगल पर खोजबीन कर अनुमान लगाया कि यह मूर्ति गुप्तकालीन हो सकती है। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से संपर्क किया और मूर्ति की तस्वीरें भेजीं। विशेषज्ञों ने इसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और इसे सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। स्कूल प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से मूर्ति को स्कूल में न रखने का फैसला किया, क्योंकि इससे पहले भी ऐसी मूर्तियों की चोरी हो चुकी है। इसे अस्थायी रूप से एक सुरक्षित वॉल्ट में रखा गया। आज भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, कोलकाता सर्कल के सहायक अधीक्षक पुरातत्वविद् डॉ. संजय पांडा और प्रदीप कर स्कूल पहुंचे। उन्होंने मूर्ति की बारीकी से जांच की और खुदाई की जगह का निरीक्षण किया।

डॉ. पांडा ने कहा कि यह मूर्ति लगभग 1000 वर्ष पुरानी हो सकती है। यह एक खड़ी विष्णु प्रतिमा है। कभी गंगा की धारा इस क्षेत्र से होकर बहती थी। 24 परगना में भी इस तरह की कई मूर्तियाँ मिली हैं। हम इसे अनुसंधान के लिए ले जाएंगे, फिर समय-काल का सटीक निर्धारण होगा। स्कूल परिसर से इस ऐतिहासिक अवशेष के मिलने से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन में उत्साह है। यह खोज क्षेत्र के इतिहास को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है।

# टीटागढ़ में चार दिन से लापता किशोर का शव कूड़ेदान से बरामद, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के टीटागढ़ में चार दिन से लापता एक किशोर का शव कूड़ेदान से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान अभय दास (10) के रूप में की गई है। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव फैल गया है।

पुलिस ने इस घटना में संलिप्तता के संदेह में विनोद नामक एक व्यक्ति को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि गत शनिवार को रहड़ा थाना अंतर्गत बंदीपुर लाल इटखोला निवासी अभय दास रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। मृतका की मां पूनम दास पेशे से फूचका विक्रेता हैं। पुलिस ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज में किशोर को दो महिलाओं के साथ देखा गया है। हालांकि, उन महिलाओं के चेहरे स्पष्ट नहीं थे। परिणामस्वरूप, उनकी पहचान नहीं हो सकी। इस बीच, अभय की तलाश जारी रही। इन सबके बीच बुधवार की सुबह रहड़ा थाना अंतर्गत टीटागढ़ कूड़ेदान से एक किशोर का रक्तरंजित शव बरामद हुआ।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर गयी। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार ने किशोर के शव की पहचान कर ली है। पता चला कि यह शव लापता अभय का है। इसमें शामिल होने के संदेह में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। लेकिन ऐसा क्यों हो रहा है? क्या इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश है या कुछ और? पुलिस जांच कर रही है।

# मैनपीठ में बाघ का आतंक: दो हफ्तों में 6 बार हमले, लोगों में दहशत

**❑ दक्षिण 24 परगना वन विभाग की पहल पर मैनपीठ बैठक आयोजित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के मैनपीठ क्षेत्र में बाघ के हमलों ने लोगों के बीच डर और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पिछले दो हफ्तों में बाघ ने 6 बार क्षेत्र में हमला किया, जिससे स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। इस समस्या को लेकर दक्षिण 24 परगना वन विभाग की पहल पर मैनपीठ के बिनोदपुर सामुदायिक हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।




बैठक में तीन पंचायतों के प्रधान, उप-प्रधान, जेएफएमसी सदस्य, टाइगर क्विक रेस्पॉन्स टीम, पंचायत सदस्यों, ब्लॉक अध्यक्ष और अंचल अध्यक्ष ने भाग लिया। इसके अलावा, दक्षिण 24 परगना की वन विभागीय अधिकारी निशा गोस्वामी, अतिरिक्त वन विभागीय अधिकारी अनुराग चौधरी, बीडीओ सुचंदन बैद्य, मैनपीठ ओसी, और कुलतली पंचायत समिति के वनभूमि कार्याधिकारी भी मौजूद रहे।

**बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई**

❑ विद्युत समस्या: जंगली क्षेत्र में बिजली की कमी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज की।

❑ मछली पकड़ने के जाल की मरम्मत: जाल फटने की समस्याओं को लेकर भी शिकायत की गई।

❑ सावधानी बरतने की अपील: जंगली क्षेत्र से सटे रास्तों पर मरे हुए जानवर न फेंकने की सलाह दी गई।

❑ वैकल्पिक रोजगार: वन क्षेत्र के पास रहने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विचार किया गया।

बैठक के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों के देर से पहुंचने पर स्थानीय लोगों और अधिकारियों में असंतोष देखा गया।

**मृत मछुआरे के परिवार को सहायता**

बैठक के अंत में, बाघ के हमले में मारे गए मछुआरे बर्णधार मंडल की पत्नी को दक्षिण 24 परगना वन विभागीय अधिकारी निशा गोस्वामी ने 5 लाख रुपये का चेक सौंपा।

वन विभाग ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने और जंगली जानवरों से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। वहीं, क्षेत्र में सुरक्षा के लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# हरीश जायसवाल राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**हावड़ा, समाज्ञा :** राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ में राष्ट्रीय संयोजक अर्चना जायसवाल ने हरीश जायसवाल को राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर अर्चना जायसवाल का आभार मानते हुए आनंद चौकसे समाजसेवी एवं शिक्षाविद्, राजेंद्र जायसवाल (कोलकाता), शिवचरण हांडा (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष), के.के. जायसवाल (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष), बिंदु जायसवाल (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष), विपिन प्रसाद गुप्ता (सिलीगुड़ी), रजनीश सुवालका (भीलवाड़ा), राजेंद्र प्रसाद (नेपाल), राजेंद्र प्रसाद (भूटान), राजेंद्र प्रसाद (कलकत्ता), मानव जायसवाल (कलकत्ता), विकास जायसवाल (कलकत्ता), राजकुमार जायसवाल (कोलकाता), युवराज सुवालका, पंकज चौकसे (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), विश्वनाथ कलवार (राष्ट्रीय सचिव



मुंबई), आनंदसिंह मेवाड़ा (जोधपुर राष्ट्रीय सचिव), एड्.टी.एन. जायसवाल (प्रयागराज), बिंदु जायसवाल (प्रयागराज), प्रकाश जायसवाल (अहमदावाद-गुजरात), नरेन्द्र भास्कर (कोटा), विष्णु प्रसाद जायसवाल (संगठन मंत्री, छत्तीसगढ इकाई), विरेन्द्र राय (झांसी), विकास मेवाड़ा (कोटा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान), राकेश राय (प्रदेश अध्यक्ष), किशोर राय (प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष), जुगलकिशोर राय (महासचिव), राजेश राय (कलचुरी वार्ता), हरीबाबू शिवहरे (ग्वालियर), हदेश राय (झांसी), महेश शिवहरे (प्रदेश प्रवक्ता), सुशील शिवहरे (प्रदेश युवा इकाई अध्यक्ष), भागवत जायसवाल, यतेन्द्र चौकसे हीरा, यशवन्त राय, डॉ. विशाल राय, डॉ. सुरेन्द्र राय, डॉ. बसंत राय, सुनीता सुहालका (महासचिव, राष्ट्रिय महिला इकाई), राजश्री कुमार (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला ईकाई), अंजना जायसवाल (कलकत्ता), लक्खी जायसवाल (हावड़ा), अनीता खुबेले (रायबरेली), समीक्षा गुप्ता (पूर्व महापौर ग्वालियर), डॉली मालवीय (राष्ट्रीय महिला इकाई उपाध्यक्ष), स्मृति मेवाड़ा (उदयपुर), मनीषा राय (प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश), कल्पना राय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोपाल), एड. इंदिरा कुमारी (बिहार प्रदेश महिला ईकाई संयोजक), रागिनी जायसवाल बुरहानपुर एवं समस्त पदाधिकारीगण ने बधाई देते हुए आभार माना एवं अपेक्षा की है कि महासंघ के उद्देश्यों एवं कार्यों को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे।

## सड़क हादसे में स्कूली छात्र की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के तारकेश्वर के महेशपुर इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर एक स्कूली छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृत छात्र का नाम द्वीप कोले (13) था, जो महेशपुर हाई स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार, द्वीप रोज की तरह सोमवार को भी अपने घर चांदपुर से साइकिल पर स्कूल जाने के लिए निकला था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मारी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। आक्रोशित लोगों ने घातक ट्रक को घेर लिया और तोड़फोड़ कर दी। भीड़ ने पुलिस को ट्रक को जब्त कर ले जाने से भी रोकने की कोशिश की।

# सियालदह डिवीजन में रोड अंडर ब्रिज निर्माण हेतु ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के तहत बाली घाट और बाली हॉल्ट स्टेशनों के बीच रेलवे ओवर ब्रिज संख्या 15/सीसीआर के पुराने स्टील गर्डर को बदलकर आ-रसीसी बॉक्स का निर्माण किया जाएगा, जिससे रोड अंडर ब्रिज का निर्माण संभव हो सके। इस कार्य के लिए 100 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक निर्धारित किया गया है, जो 23 जनवरी 2025 की 00:00 बजे से 27 जनवरी 2025 की 04:00 बजे तक होगा। इसके चलते, ट्रेनों की आवाजाही में बदलाव किए गए हैं। इसके चलते 23 जनवरी से 26 जनवरी के दौरान निम्नलिखित ईएमयू सेवाएं रद्द रहेंगी। जिसमें सियालदह-डानकुनी अप 32211, 32213, 32215, 32217, 32219, 32221, 32223, 32225, 32227, 32229, 32231, 32233, 32235, 32237, 32239, 32241, 32243, 32245, 32247, 32249, ऊ्छ 32212, 32214, 32216, 32218, 32220, 32222, 32224, 32226, 32228, 32230, 32232, 32234, 32236, 32238, 32240, 32242, 32246, 32248, 32250, 32252। सियालदह-बारुईपाड़ा अप - 32411, 32413 और डाउन 32412, 32414। सियालदह कल्याणी सिमांत अप 31317, 31333, 31339, डाउन 31318, 31332, 31338। सियालदह-मध्यमग्राम अप 33421, डाउन 33422। सियालदह-वर्दवान अप 31151, डाउन 31152। सियालदह-कंटेनमेंट अप 33411, डाउन 33412। सियालदह-दत्तपुकुर अप 33621, डाउन 33628। नैहाटी-बंडेल अप 37535, 37537, 37545, 37529, 37521, 37523, 37555, 37557, डाउन 37538, 37540, 37548, 37532, 37522, 37524, 37556, 37558। वहीं, 27 जनवरी को सियालदह-डानकुनी अप 32211, 32213, डाउन 32212, 32214 रद्द रहेंगी।

इसके अलावा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द होंगी। जिसमें 21 जनवरी को 12359 कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेस, 22 जनवरी को 13179 सियालदह-सिउरी एक्सप्रेस, 13161 कोलकाता-बालुरघाट तेभगा एक्सप्रेस, 23 जनवरी को 1317 सियालदह-सिउरी एक्सप्रेस, 13161 कोलकाता-बालुरघाट तेभगा एक्सप्रेस, 13180 सिउरी-सियालदह एक्सप्रेस, 13162 बालुरघाट-कोलकाता तेभगा एक्सप्रेस, 15234 दरभंगा-कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस, 15233 कोलकाता-दरभंगा मैथिली एक्सप्रेस, 13177 सियालदह-जंगीपुर रोड एक्सप्रेस, 13178 जंगीपुर रोड-सियालदह एक्सप्रेस, 12359 कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेस, 12360 पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस, 12363 कोलकाता-हल्दिबाड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12383 सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12384 आसनसोल-सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेंगी। 24 जनवरी को 12383 सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13177 सियालदह-जंगीपुर रोड एक्सप्रेस, 13179 सियालदह-सिउरी एक्सप्रेस, 13161 कोलकाता- बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस, 12384 आसनसोल-सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13178 जंगीपुर रोड-सियालदह एक्सप्रेस, 13180 सिउरी-सियालदह एक्सप्रेस, 13162 बालुरघाट-कोलकाता तेभागा एक्सप्रेस, 12364 हल्दीबाड़ी-कोलकाता इंटरसिटी एक्सप्रेस, 25 जनवरी को 12383 सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13177 सियालदह-जंगीपुर रोड एक्सप्रेस, 13179 सियालदह-सिउरी एक्सप्रेस, 12384 आसनसोल-सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13178 जंगीपुर रोड-सियालदह एक्सप्रेस, 13180 सिउरी-सियालदह एक्सप्रेस, 13162 बालुरघाट-कोलकाता तेभागा एक्सप्रेस, 12360 पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस, 12363 कोलकाता-हल्दीबाड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12359 कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेस, 26 जनवरी को 13179 सियालदह-सिउरी एक्सप्रेस, 13180 सिउरी-सियालदह एक्सप्रेस, 13161 कोलकाता- बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस, 12364 हल्दीबाड़ी-कोलकाता इंटरसिटी एक्सप्रेस, 27 जनवरी को 13180 सिउरी-सियालदह एक्सप्रेस, 12360 पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस, 13162 बालुरघाट-कोलकाता तेभागा एक्सप्रेस शामिल है।

इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को दमदम जं.-नैहाटी के माध्यम से डायर्वट किया गया है। जिसमें 23 जनवरी को 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस, 12259 सियालदह-बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस, 12315 कोलकाता-उदयपुर सिटी अनन्या एक्सप्रेस, 13167 कोलकाता-आगरा छावनी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 22323 कोलकाता-गाजीपुर सिटी शब्दभेदी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12325 कोलकाता-नांगल बांध गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस, 13173 सियालदह-अगरतला कंचनजंगा एक्सप्रेस, 13149 सियालदह-अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस, 12343 सियालदह-हल्दीबाड़ी दार्जिलिंग मेल, 12987 सियालदह-अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 24 जनवरी को 12313 सियालदह-नई दिल्ल।

## सियालदह के बजाय हावड़ा से चलेंगी उत्तरबंग एक्सप्रेस एवं दुरोंतो एक्सप्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के बालीघाट और बालीहॉल्ट स्टेशन के बीच आरयूबी निर्माण के कारण 13147/13148 उत्तरबंग एक्सप्रेस और 22201/22202 दुरोंतो एक्सप्रेस के संचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे द्वारा आरसीसी बॉक्स प्रदान किए जाने के कारण इन ट्रेनों को अब सियालदह स्टेशन के बजाय हावड़ा स्टेशन से ही समाप्त और प्रारंभ किया जाएगा। 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस जो 22 जनवरी से 25 जनवरी तक बामनहाट से चलेगी, अब हावड़ा स्टेशन पर समाप्त होगी। वहीं, 13147 सियालदह-बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस 23 जनवरी से 26 जनवरी तक हावड़ा स्टेशन से रात 8:10 बजे शुरू होगी। इसके अलावा, 22202 पुरी-सियालदह दुरोंतो एक्सप्रेस जो 23 और 25 जनवरी 2025 को पुरी से चलेगी, अब हावड़ा स्टेशन पर समाप्त होगी। साथ ही, 22201 सियालदह-पुरी दुरोंतो एक्सप्रेस 24 जनवरी और 27 जनवरी को हावड़ा स्टेशन से रात 8:00 बजे शुरू होगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अमृतसर : अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्र में 4 पिस्तौल व मैगजीन बरामद

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर जिले में बुधवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे एक क्षेत्र में चार पिस्तौल व मैगजीन से भरा एक पैकेट बरामद किया गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध पैकेट के बारे में मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ कर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया। बीएसएफ ने पंजाब पुलिस की एक टीम के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया और पैकेट बरामद किया। उन्होंने बताया, पैकेट की बरामदगी अमृतसर के राजातल गांव के नजदीक वाले इलाके में हुई। पैकेट को पीले रंग की टेप से लपेटा गया था। उसे खोलने पर चार पिस्तौल व सात मैगजीन बरामद किए गए।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में आग लगने की घटना में 100 से अधिक भेड़ों की जलकर मौत

**सांबा/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में स्थित एक गौशाला में बुधवार तड़के आग लग गयी, जिससे इस घटना में 100 से अधिक भेड़ों की जल कर मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया। अधिकारियों ने बताया कि विजयपुर तहसील के रख बरोटियां में शापियन की गौशाला में तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लग गयी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर चार दमकल गाड़ियां भेजी गई और आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। विजयपुर के थाना प्रभारी जहीर मुश्ताक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''आग के कारण करीब 100 भेड़ों की जल कर मौत हो गयी। वहीं आग से कुछ भेड़ों को बचा लिया गया।'' तहसीलदार सुदेश कुमार ने कहा, आग से हुए नुकसान की वजह से प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### सेना ने लद्दाख में श्योक, नुब्रा घाटियों को जोड़ने के लिए दो 'बेली' पुल बनाए

**लेह/जम्मू :** भारतीय सेना ने बुधवार को श्योक नदी पर दो नवनिर्मित 'बेली' पुलों का उद्घाटन किया, जिससे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में श्योक और नुब्रा घाटियों के बीच संपर्क बढ़ गया है। रक्षा प्रवक्ता त्सेरिंग अंगचुक ने बताया कि लेह के दिस्कित उपमंडल में शतसे तकनाक के पास स्थित पुलों का उद्घाटन सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर वीएस सलारिया और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के उपाध्यक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि 'फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स इंजीनियर्स' द्वारा निर्मित ये दो पुल 50 फुट चौड़े और 100 फुट लंबे हैं तथा इनके निर्माण से यात्रा की दूरी लगभग 40 किलोमीटर कम हो जाती है। इन पुलों के निर्माण से नुब्रा और श्योक घाटियों के सबसे दूर के गांवों के लिए यात्रा का समय लगभग दो घंटे कम हो गया है। उद्घाटन समारोह में सैन्यकर्मियों, नुब्रा उपमंडल मजिस्ट्रेट मुकुल बेनीवाल और चरसा, बर्मा, कुरी तथा मुर्गी गांवों के समुदाय के सदस्यों सहित अन्य व्यक्ति शामिल हुए। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि ये पुल स्थानीय आबादी के लिए वरदान साबित होंगे, खासकर कड़ाके की सर्दी के दौरान। अधिकारी ने बताया कि इससे आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुधार होगा और सियाचिन क्षेत्र के गांवों के लिए बेहतर आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा।

# लोग अब खुलकर आप की सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर कर रहे हैं: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से अधिक बूथों पर जीत का लक्ष्य रखने का आह्वान किया और कहा कि लोग अब खुलकर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर कर रहे हैं और उसे उसके वादों की याद दिला रहे हैं। 'नमो एप' के जरिए 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए मोदी ने आप को एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए 'आपदा' करार दिया और कहा कि जब इससे मुक्ति मिलेगी तभी दिल्ली को



'विकसित भारत' की 'विकसित राजधानी' बनाने का संकल्प सिद्ध हो पाएगा। मोदी ने यह दावा भी किया कि 'आप-दा' वाले आगामी विधानसभा चुनाव में इतने डरे हुए हैं कि उन्हें हर दिन एक नयी घोषणा करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली वाले आप वालों की आप-दा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है।'' उन्होंने कहा, ''ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों वे अपनी चुनावी सभाओं में दावा करते फिरते हैं कि 'फिर आएंगे' लेकिन अब जनता उन्हें बोलती है कि वे 'फिर खाएंगे'। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'आप-दा' वालों की पोल खोलने और केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने का आह्वान किया।



केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन पर महाकुंभ -2025 के लिए व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## शराब पर प्रस्तावित प्रतिबंध पूरे प्रदेश में शराबबंदी की दिशा में एक कदम है: उमा भारती

**भोपाल :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने बुधवार को धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध के मध्यप्रदेश सरकार के प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि यह पूरे राज्य में शराबबंदी की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार ''धार्मिक शहरों'' में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है ताकि इन स्थानों की पवित्रता को बनाए रखा जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री भारती पिछले कुछ वर्षों से भाजपा शासित राज्य में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करती रही हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यादव को बधाई देते



हुए उन्होंने कहा, ''मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा धार्मिक शहरों में पूर्ण शराब बंदी अभूतपूर्व निर्णय है।'' उन्होंने कहा, ''दो साल पहले हमारी सरकार द्वारा घोषित की गई शराब प्रतिबंध नीति बहुत ही जनहितकारी एवं व्यवहारिक थी। हम पूर्ण शराबबंदी की ओर ही बढ़ रहे थे। यह पूर्ण शराबबंदी की दिशा में एक और कदम है।''

## भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ जीतेगी दिल्ली विधानसभा चुनाव: अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई बहुमत से जीतेगी क्योंकि लोग 'बहानेबाज और महिला विरोधी' अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) की असलियत समझ चुके हैं। ठाकुर ने 'पीटीआई-वीडियो' को दिये एक साक्षात्कार में कहा, ''भाजपा जनता के दिलों में सबसे ऊपर है और जनता के दिल में एक ही बात है कि भाजपा को जीतना है।'' उन्होंने आप को महिला विरोधी पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि पहले इसकी राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की केजरीवाल के आवास पर पिटाई की गई और अब मौजूदा मुख्यमंत्री




आतिशी की तस्वीर को पार्टी के पोस्टर पर भी जगह नहीं दी गई है। उन्होंने कहा,''भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दो-तिहाई बहुमत से जीतेगी, क्योंकि दिल्ली की जनता बहानेबाज और महिला विरोधी अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की असलियत समझ चुकी है।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भाजपा के मुख्यमंत्री के संबंध में कहा कि भाजपा ऐसे व्यक्ति को चुनेगी जो ईमानदार और स्वच्छ छवि वाला हो। मुफ्त सुविधाओं की घोषणाओं पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा, ''हम इन योजनाओं में अरविंद केजरीवाल और आप द्वारा किए गए घोटालों की जांच एसआईटी (विशेष जांच दल) से करवाएंगे।'' उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो वह सभी योजनाओं को जारी रखेगी जिसमें मुफ्त बस सेवा, मुफ्त पानी या बिजली भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऑटो-रिक्शा और टैक्सी चालकों के कल्याण और महिलाओं को मासिक 2500 रुपये देने सहित अपने चुनावी वादों को भी पूरा करेगी।

## न्यूज अपडेट

### चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामला : एनआईए ने पंजाब, यूपी, उत्तराखंड में छापे मारे

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामले में बुधवार को कई राज्यों में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन से जुड़े संदिग्धों के परिसरों में छापे मारे गए। उसने कहा कि तलाशी अभियान पंजाब के अमृतसर, गुरदासपुर, बठिंडा और फिरोजपुर जिलों, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, उत्तराखंड के रुद्रपुर जिले और चंडीगढ़ में चलाया गया। बयान में कहा गया है, ''तलाशी अभियान के दौरान मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरण एवं दस्तावेज आदि जब्त किए गए।'' एजेंसी ने पिछले साल 9 सितंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर 10/डी में एक घर पर हुए ग्रेनेड हमले से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी और आरोपियों रोहन मसीह तथा विशाल मसीह को गिरफ्तार किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी थी। एजेंसी के बयान में कहा गया है, ''इस मामले में एनआईए की अब तक जांच में पाकिस्तान स्थित हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन द्वारा एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पर हमला करने की साजिश का पर्दाफाश हुआ है।''

### आठ बारूदी सुरंग बरामद, सुरक्षाबलों ने किया नष्ट

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने आठ बारूदी सुरंग बरामद की हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी से पीड़िया गांव जाने वाले मार्ग पर सुरक्षाबलों ने आठ बारूदी सुरंग बरामद कीं। उन्होंने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड, बम निरोधक दस्ता और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। गश्त के दौरान सुरक्षाबलों ने मुतवेंडी से पीड़िया गांव जाने वाले मार्ग पर अलग अलग स्थानों से पांच-पांच किलोग्राम की आठ बारूदी सुरंगें बरामद की।

### नेमटेक ने एमईटी एक्सपो के साथ आयोजित किया अपना पहला दीक्षांत समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेमटेक (न्यू एज मेकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने 18 जनवरी 2025 को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन और एग्जिबीशन सेंटर में अपने इंटरनेशनल प्रोफेशनल मास्टर्स प्रोग्राम (आईपीएमपी)-स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग क्लास 2024 के पहले ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान 53 छात्रों को पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में नेमटेक ने पहली बार चएढ (मेन्यूफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी) एक्सपो की मेजबानी भी की, जिसमें नवीनतम डिजिटल प्रौद्योगिकियों और शैक्षिक प्रथाओं का प्रदर्शन किया गया। एक्सपो का उद्देश्य उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में संवाद और उत्सुकता पैदा करना था। मुख्य अतिथि डॉ. के. राधाकृष्णन (पूर्व आईएसआईओ अध्यक्ष) ने इस पहल की सराहना की, जिससे भारत के ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनने के दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। नेमटेक का उद्देश्य युवा कॉन्शियस टेक्नोलॉजिस्ट तैयार करना है, जो 'मेक इन इंडिया' को साकार करेंगे।

### चुनाव प्रचार के लिये 2020 दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को जमानत नहीं, न्यायालय ने विभाजित फैसला दिया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुये दंगों के आरोपी एवं पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के उद्देश्य से बुधवार को अंतरिम जमानत नहीं मिली, और उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने इस मामले में विभाजित फैसला सुनाया। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने हुसैन की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह कोई मामला नहीं बनता, जबकि न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जा सकता है। इस मुद्दे पर फैसला करने के लिए नयी पीठ के गठन के वास्ते इस मामले को भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के समक्ष रखा जाएगा। न्यायमूर्ति मिथल ने कहा कि चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है, इसलिए अंतरिम जमानत देने से भानुमती का पिटारा खुल सकता है क्योंकि हर विचाराधीन कैदी एक ही आधार का हवाला देगा। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव लड़ने के उद्देश्य से अंतरिम जमानत दी जाती है, तो यह भानुमती का पिटारा खोलने जैसा होगा।

## हवाई अड्डे पर उल्लंघनों की शिकायत दर्ज करने में राज्य पुलिस की कोई भूमिका नहीं है: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि नागरिक उड्डयन और हवाई अड्डों की सुरक्षा से निपटने के लिए वायुयान अधिनियम एक ''पूर्ण संहिता'' है, जबकि राज्य पुलिस केवल शिकायत दर्ज करने पर निर्णय लेने के लिए जांच सामग्री को अधिकृत अधिकारी को भेज सकती है। हवाई अड्डा उल्लंघन के मामलों से निपटने में राज्य पुलिस की किसी भी अहम भूमिका को खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला झारखंड सरकार की अपील पर न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सुनाया। राज्य सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)



सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी तथा अन्य के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी गई थी। उन पर 2022 में सूर्यास्त के बाद अपने विमान को देवघर हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए हवाई यातायात नियंत्रण को दबाव डालने का आरोप है। न्यायमूर्ति मनमोहन द्वारा लिखित तथा बुधवार को उपलब्ध कराए गए फैसले में कहा गया, वायुयान अधिनियम, 1934 तथा इसके तहत बनाए गए नियम...एक पूर्ण संहिता है जो नागरिक विमानन तथा हवाई अड्डों की सुरक्षा से संबंधित है।'' इसमें कहा गया है, ''वायुयान अधिनियम, वायुयान अधिनियम, 1934 के तहत दंडनीय किसी भी अपराध का संज्ञान लेने के लिए एक विशेष प्रक्रिया भी निर्धारित करता है, यानी शिकायत विमानन अधिकारियों द्वारा या उनकी पूर्व मंजूरी के साथ की जानी चाहिए।।'' पीठ ने अधिनियम और नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि वायुयान अधिनियम के तहत संबंधित अदालत के समक्ष एक अधिकृत अधिकारी द्वारा अकेले शिकायत दर्ज की जा सकती है।

## कश्मीर जाने वाली ट्रेन में कुछ महीनों की हो सकती है देरी: फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि कटरा-सांगलदान रेल सेवा में कुछ महीनों की देरी होने की संभावना है और पर्यटन सत्र की शुरुआत के साथ अप्रैल में इसका परिचालन शुरू हो जाएगा। यहां पार्टी के एक समारोह से इतर पत्रकारों के साथ बातचीत में अब्दुल्ला ने कहा कि वह 25 जनवरी को ट्रेन से श्रीनगर जाने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैंने सुना है कि कुछ अधूरे कार्यों के कारण ट्रेन (कश्मीर जाने वाली) दो महीने की देरी का सामना करेगी। उन कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है और पर्यटन सत्र की शुरुआत के साथ अप्रैल में ट्रेन शुरू की जाएगी।'' पिछले वर्ष दिसंबर में रेल मंत्रालय ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के पूरा होने की घोषणा की थी। यह कार्य कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए 1997 में शुरू किया गया था। कथित तौर पर कांग्रेस के एक नेता द्वारा सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना किए जाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार जानती है कि क्या करना है। उन्होंने कहा, ''सरकार अपनी मर्जी से काम करेगी। कोई भी सरकार पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकता।'' पीडीपी की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार ने अनुच्छेद 370 की बहाली के लक्ष्य को राज्य के दर्जे में बदल दिया है, अब्दुल्ला ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी को उनकी पार्टी के खिलाफ कोई भी आरोप लगाने से पहले आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

## छत्तीसगढ़: गरियाबंद मुठभेड़ में दो और नक्सलियों के शव बरामद

**मृतक संख्या बढ़कर 18हुई**

**गरियाबंद (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पिछले दो दिनों में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार को दो और माओवादियों के शव बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त अभियान के तहत मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को आज मुठभेड़ स्थल पर तलाश के दौरान दो और नक्सलियों के शव मिले। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान बुधवार को दो और नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इलाके में तलाशी अभियान अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अभियान में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जिनमें छह महिलाएं भी शामिल हैं। उनके मुताबिक, मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल और एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) समेत कम से कम 17 स्वचालित और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने इलाके में नक्सलियों द्वारा लगाई गई दो दर्जन से अधिक बारूदी सुरंगों को भी निष्क्रिय कर दिया।

## भारत का विकास समावेशी और पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ होना चाहिए: राजनाथ सिंह

**पथनमथिट्टा (केरल) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का विकास समावेशी, समतापूर्ण, पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ और नैतिक रूप से वांछनीय होना चाहिए तथा केंद्र सरकार जलवायु अनुकूल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा कि देश तेजी से विकास कर रहा है और इसलिए इसकी खपत ''आवश्यकता आधारित होना चाहिए न कि लालच आधारित'' और इसके लिए स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हमारे व्यवहार में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''इस्तेमाल करो और निपटान करो'' वाली अर्थव्यवस्था को खत्म किये जाने की जरूरत है।



रक्षा मंत्री राज्य के पथनमथिट्टा जिले में कवयित्री, पर्यावरणविद् और मानवाधिकार कार्यकर्ता सुगाथाकुमारी की 90वीं जयंती के मौके पर आयोजित एक समारोह के समापन कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''भारत एक तेजी से विकास करने वाला देश है, लेकिन इसका विकास समावेशी, न्यायसंगत, पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ और नैतिक रूप से वांछनीय होना चाहिए।'' उन्होंने सुगाथा कुमारी को न केवल एक कवयित्री बल्कि ''समाज की चेतना की रक्षक'' बताया, क्योंकि उनका काम 'भावनात्मक सहानुभूति, मानवतावादी संवेदनशीलता और नैतिक सतर्कता से ओतप्रोत'' था जो सामाजिक और पर्यावरणीय चिंताओं को उठाने का एक जरिया बन गया।

## वन्यजीव तस्करी की रोकथाम, भारत की जैव विविधता की रक्षा में आरपीएफ की भूमिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत, जो जैव विविधता से समृद्ध है, में वन्यजीव तस्करी एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार, भारत पृथ्वी की 7-8% प्रजातियों का घर है, और यहां 34 वैश्विक जैव विविधता हॉटस्पॉट्स में से चार स्थित हैं। इस समृद्ध जैव विविधता के बावजूद, वन्यजीवों की तस्करी और संरक्षण की चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। वन्यजीव संरक्षण की दिशा में भारत सरकार ने 1972 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत ठोस कदम उठाए। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का योगदान वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण है, हालांकि, आरपीएफ का मुख्य कार्य भारतीय रेलवे की सुरक्षा है। भारतीय



रेलवे का विशाल नेटवर्क, जो जंगलों और अभयारण्यों से सटा हुआ है, तस्करों के लिए वन्यजीव तस्करी का एक प्रमुख मार्ग बन गया है। 2021-2024 के बीच, आरपीएफ ने रेलवे से संबंधित 139 तस्करी के मामलों का पर्दाफाश किया और सैकड़ों दुर्लभ प्रजातियों को जब्त किया। तस्करी के लिए ट्रेनें क्यों चुनी जाती हैं? भारतीय रेलवे का नेटवर्क इतने बड़े पैमाने पर फैला हुआ है कि तस्करों के लिए अवैध वन्यजीवों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना आसान हो जाता है, खासकर पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में। इसके अलावा, रेलवे द्वारा पशु परिवहन की अनुमति तस्करों को वन्यजीवों को वैध कार्गो के रूप में छिपाने का मौका देती है। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए, आरपीएफ ने 2021 में ऑपरेशन थखडएझ लॉन्च किया। इस अभियान के तहत, रेलवे के 64,000 कर्मियों ने वन्यजीव तस्करी को रोकने के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत किया है। थर्मल बैगेज स्कैनर, सीसीटीवी कैमरे और एआई आधारित चेहरे पहचान प्रणाली का उपयोग कर, तस्करी के मामलों पर नियंत्रण पाया जा रहा है। भारत में वन्यजीव तस्करी का कारोबार करीब 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो जैव विविधता और संगठित अपराध के लिए गंभीर खतरा है। आरपीएफ ने उन्नत तकनीकी उपायों, राष्ट्रीय वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (छथउउइ) के साथ सहयोग और जागरूकता अभियान के जरिए वन्यजीव तस्करी को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय बीमारी, चार और लोग अस्पताल में भर्ती

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बडहाल गांव से तीन बहनों समेत चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले डेढ़ महीने में एक रहस्यमय बीमारी ने जिले में 17 लोगों की जान ले ली है। एक केंद्रीय टीम ने बुधवार को भी जिले के तीन परिवारों में हुई इन मौतों के कारणों की अपनी जांच जारी रखी। जांच में शामिल एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि 200 से अधिक नमूने विभिन्न संस्थानों में जांच के लिए भेजे गए हैं। बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद 16 से 22 वर्ष की तीन बहनों को बडहाल से राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसी) में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार एक अन्य मरीज जावेद अहमद (24) को मंगलवार शाम जीएमसी राजौरी से पीजीआई चंडीगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चारों मरीज उन तीन परिवारों के करीबी रिश्तेदार हैं, जिन्होंने रहस्यमय बीमारी के कारण अपने सदस्यों को खो दिया। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि नयी दिल्ली से अंतर-मंत्रालयी दल ने अपनी जांच के तहत लगातार तीसरे दिन कोटरंका उप-मंडल के बडहाल का दौरा किया।

### रहस्यमय मौतों के बाद राजौरी का गांव निषिद्ध क्षेत्र घोषित

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में तीन परिवारों के 17 लोगों की मौत और एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के बाद गांव को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसी गांव के एक और व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत सभी सार्वजनिक और निजी आयोजनों पर रोक लगा दी गई है। बीएनएसएस की धारा 163 जिलाधिकारी को अत्यावश्यक परिस्थितियों में लिखित आदेश जारी करने की शक्ति देती है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 2-0 से हराया

**रांची :** कैथरीन मुलान की दो गोल की मदद से श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने बुधवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) मैच में दिल्ली एसजी पाइपर्स को 2-0 से हराया। मुलान ने 21वें और 33वें मिनट में गोल करके बंगाल टाइगर्स को मैच के पूरे अंक दिला दिए। इस जीत के साथ बंगाल टाइगर्स की फाइनल में पहुंचने की उम्मीद बनी हुई। टीम के नाम सात अंक हो गए हैं, जो सूरमा क्लब और ओडिशा वॉरियर्स से तीन कम हैं। बंगाल टाइगर्स को फाइनल में पहुंचने का कोई भी मौका बनाये रखने के लिए अपने अगले मैच में सूरमा के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेल: 19 टीमों के 428 एथलीट लेंगे हिस्सा

**लेह/जम्मू :** खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (केआईडब्ल्यूजी) 2025 बृहस्पतिवार से शुरू होंगे जिसमें 19 प्रतिस्पर्धी टीमों के 428 एथलीट हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया बृहस्पतिवार को लेह में खेलों की शुरुआत की घोषणा करेंगे। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संस्थागत संगठनों वाली 19 टीमें पांच दिनों तक दो स्पर्धाओं - आइस हॉकी और आइस स्केटिंग - में प्रतिस्पर्धा करेंगी जो केआईडब्ल्यूजी 2025 का पहला हिस्सा होगा। इन 428 खिलाड़ियों सहित 594 प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए पारंपरिक लद्दाखी शैली के उद्घाटन समारोह की योजना बनाई गई है। दूसरे हिस्से में स्कीइंग जैसे बर्फ के खेल शामिल हैं जिसकी मेजबानी जम्मू कश्मीर 22 से 25 फरवरी तक करेगा एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, 'खेल मंत्री बृहस्पतिवार को लेह में प्रतिष्ठित नवांग दोरजय स्तोबदान खेल परिसर में उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और खेलों की शुरुआत की घोषणा करेंगे।'

# वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा चमके, भारत सात विकेट से जीता



**कोलकाता:** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 132 रन बनाए थे, लेकिन अभिषेक ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मैच जीता। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट और आदिल राशिद ने एक विकेट लिया। कम स्कोर का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन और अभिषेक ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। हालांकि, आर्चर ने पहले सैमसन (26) और फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव को खाता खोले बिना आउट किया जिससे भारत की पारी लड़खड़ा गई। हालांकि, अभिषेक ने इसके बाद हाथ खोले और महज 20 गेंदों पर पचासा जड़ दिया। अभिषेक ने इंग्लैंड के हर गेंदबाज को निशाना बनाया। अभिषेक इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। अभिषेक की पारी का अंत आदिल राशिद ने किया। फिर तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या ने जीत की औपचारिकता पूरी की। तिलक 16 गेंदों पर 19 रन और हार्दिक चार गेंदों पर तीन रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे इंग्लैंड की पारी 132 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर ने अर्धशतक जड़ा और 44 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। इंग्लैंड के सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके और बटलर के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। भारत ने इस मैच के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को प्लेइंग-11 में जगह नहीं दी थी, लेकिन अर्शदीप सिंह ने जिम्मा संभाला और शुरुआत में ही मेहमान टीम को दो झटके देकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। अर्शदीप इसके साथ ही भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे सफल गेंदबाज बन गए। भारत के लिए वरुण ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले।

### कोच और कप्तान ने पूरी आजादी दी, ऐसा टीम माहौल पहले कभी नहीं देखा: अभिषेक

भारत के युवा टी20 स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को यहां मेजबान टीम द्वारा इंग्लैंड को सात विकेट से हराने के बाद गौतम गंभीर की सराहना की। अभिषेक ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, 'मैं अपनी बात कहना चाहता था, लेकिन कप्तान (सूर्यकुमार यादव) और कोच (गंभीर) का विशेष उल्लेख करना चाहूंगा, उन्होंने हमें युवाओं के रूप में जो आजादी दी है, वह जबरदस्त है।

### भारत चैंपियंस ट्रॉफी में आईसीसी की पोशाक संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करेगा: बीसीसीआई

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा 'पोशाक संबंधी सभी दिशानिर्देशों' का पालन करेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार 'पीटीआई' से इस जानकारी को साझा करते हुए उन अटकलों को खारिज किया कि बोर्ड ने टीम की आधिकारिक जर्सी पर मेजबान पाकिस्तान का नाम लिखने पर आपत्ति जताई थी। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इन्कार कर दिया था और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। सैकिया ने 'पीटीआई' से कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बीसीसीआई पोशाक से जुड़े आईसीसी के हर नियम का पालन करेगा।' उन्होंने कहा, 'अन्य टीमें 'लोगो' और पोशाक से जुड़े नियमों के संबंध में जो भी करेंगी, हम उसका पूरी तरह से पालन करेंगे।

## रिहैब के दौरान डर का एहसास था, लेकिन मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं: शमी

### भारतीय एकादश में जगह नहीं मिलने से शमी की फिटनेस पर उठ रहे सवाल

**कोलकाता :** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय की भारतीय एकादश में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिलने के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या राष्ट्रीय चयनकर्ता को उनकी फिटनेस को लेकर संदेह है। भारत में 2023 में खेले गये विश्व कप के दौरान चोटिल हुए शमी की टीम में लंबे समय के बाद वापसी हुई है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने मैच से पहले नेट सत्र के दौरान लगभग आधे घंटे तक गेंदबाजी की लेकिन टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि वह इस मैच में अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं है।



**कोलकाता :** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद जब उन्होंने रिहैबिलिटेशन शुरू किया तो वह डर की भावना से घिर गए थे, लेकिन राष्ट्रीय टीम में वापसी करने की दृढ़ इच्छाशक्ति से वह उस चरण से उबरने में कामयाब रहे। शमी को नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप फाइनल हारने के बाद टखने की चोट के कारण राष्ट्रीय टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसकी सर्जरी करानी पड़ी। इसके बाद जब वह राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के करीब थे तभी उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी। इस तेज गेंदबाज को अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए भी टीम में शामिल हैं। शमी ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'मैंने पूरे एक साल तक इंतजार किया और (पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए) बहुत मेहनत की। रिहैबिलिटेशन के दौरान दौड़ते समय भी चोटिल होने का डर था।' उन्होंने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी के लिए जब वह टीम में वापसी करने के करीब हो तब चोटिल होना बहुत मुश्किल पैदा करता है। चोटिल होने पर फिर आपको रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) जाना पड़ता है और फिर वापसी करनी होती है।' शमी ने हालांकि कहा कि चोट लगने के बाद कोई भी खिलाड़ी अधिक मजबूत बन जाता है।

## भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने विशिष्ट क्रिकेट के प्रदर्शन के लिए तैयार: हार्दिक

**दुबई :** दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि भारत क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल (ब्रांड) का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है और खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से आयोजित की जाएगी। सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत ने पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था जिससे टीम अपने सभी मैचों को दुबई में खेलेगी। भारत ने 2013 में इंग्लैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट का चैंपियन बना था जबकि 2002 में मेजबान श्रीलंका के साथ वह संयुक्त विजेता रहा था। हार्दिक ने आईसीसी से जारी बयान में कहा, 'आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी से क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिलेगा। यह एकदिवसीय प्रारूप को दिलचस्प और प्रासंगिक बनाता है। यह



प्रतिष्ठित टूर्नामेंट प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच खेल को लेकर उत्साह जगाने का वादा करता है।' उन्होंने आईसीसी के 'ऑल ऑन द लाइन' अभियान के लिए जारी वीडियो में कहा, 'भारत क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है, हर खिलाड़ी ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध है।' इस टूर्नामेंट का शुरुआती मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को कराची में खेला जायेगा।

## न्यूज अपडेट

### अर्शदीप सिंह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



**कोलकाता :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान अपने विकेटों की संख्या 97 पहुंचाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले गेंदबाज बन गए। इस दौरान उन्होंने युजवेंद्र चहल के 96 विकेट की उपलब्धि को पीछे छोड़ दिया। अर्शदीप ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया और उन्होंने अपने 61वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की जो चहल के टी20 में 80 मैच की तुलना में 19 मैच कम है। पच्चीस वर्षीय अर्शदीप ने 8.32 के इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने दो बार चार विकेट लेने का कारनामा किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नौ रन देकर चार विकेट है। अर्शदीप ने बुधवार को सबसे पहले फिल साल्ट को आउट किया जिससे वह चहल की बराबरी पर पहुंचे। फिर उन्होंने बेन डकेट को आउट करके हरियाणा के लेग स्पिनर को पछाड़ दिया।

### पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैनात होंगे करीब 17,000 सुरक्षाकर्मी

**लाहौर :** पाकिस्तान में 19 फरवरी से कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए कम से कम 17,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार ने भाग लेने वाली टीमों के लिए 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी है जिसमें लाहौर और रावलपिंडी में टीम होटल के साथ-साथ मैच स्थलों को भी शामिल किया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा, 'पंजाब सरकार मैचों और टीमों के लिए लगभग 12,500 अधिकारी और अन्य सुरक्षाकर्मी तैनात करेगी।' उन्होंने कहा कि लाहौर में मैचों के लिए विशेष कमांडो सहित 7,600 पुलिस और सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे जबकि विशेष शाखा के 411 सहित 4,500 अधिकारी रावलपिंडी में सुरक्षा की देखरेख करेंगे। अधिकारी ने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो सेना के सहयोग से टूर्नामेंट के दौरान 'स्नाइपर्स' और हवाई निगरानी की जाएगी।

### गेंदबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार बुमराह



**दुबई :** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं जबकि रविंद्र जडेजा ने भी हरफनमौला खिलाड़ियों के वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट से पहले जनवरी में 907 अंक के साथ अब तक की सर्वोच्च आईसीसी रैंकिंग रेटिंग दर्ज करके इतिहास रचने वाले भारतीय गेंदबाज बुमराह 908 अंक के साथ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (837) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के नोमान अली (761) मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद शीर्ष 10 में पहुंच गये। टेस्ट प्रारूप में शीर्ष-10 ऑलराउंडरों की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें जडेजा (400 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (294) और बांग्लादेश के मेहदी हसन (263) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।



### सोना 630 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी 1,000 रुपये उछली

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की लगातार लिवाली के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 630 रुपये बढ़कर 82,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। लगातार छठे सत्र में तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता



वाला सोना 630 रुपये बढ़कर 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।




# ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' व्यापार नीति का आकलन कर रहा भारत

**नयी दिल्ली :** भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'अमेरिका प्रथम व्यापार नीति' ज्ञापन का परीक्षण कर रहा है ताकि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन किया जा सके। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका है। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस का अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) को दिया गया निर्देश भारत जैसे देशों के लिए एक सकारात्मक घटनाक्रम है। यूएसटीआर को उन देशों को चिह्नित करने के लिए कहा गया है जिनके साथ अमेरिका द्विपक्षीय या क्षेत्र-विशिष्ट आधार पर समझौतों पर बात कर सकता है। सूत्र ने कहा, हम इस ज्ञापन का अध्ययन और परीक्षण कर रहे हैं। हमें कोई भी रणनीति बनाने से पहले चीजों का मूल्यांकन करना होगा। इसे सामान्य रूप से पढ़ने से अभी तक मुझे ऐसा कुछ नहीं दिखता है जिसे लेकर हमें चिंतित



होने की जरूरत हो। हमारी हर जांच कार्रवाई में तब्दील नहीं होती है। इसके साथ ही सरकार अमेरिका में प्रमुख व्यापार अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि का भी इंतजार कर रही है। सूत्र ने कहा, इसकी पुष्टि में थोड़ा समय लगेगा। नियुक्तियों की एक बार पुष्टि हो जाने के बाद चर्चा होगी। भारत और अमेरिका अच्छे व्यापारिक साझेदार हैं। ज्ञापन के अनुसार, यूएसटीआर उन देशों की पहचान करेगा जिनके साथ अमेरिका द्विपक्षीय या क्षेत्र-विशिष्ट आधार पर समझौतों पर बातचीत कर सकता है ताकि अमेरिका को निर्यात बाजार तक पहुंच मिले। वह ऐसे संभावित समझौतों के संबंध में सिफारिशें करेगा। ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत और अमेरिका ने आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक छोटे व्यापार समझौते पर चर्चा की थी। लेकिन उनके बाद जो बाइडन के कार्यकाल में इस टाल दिया गया था क्योंकि वह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के पक्ष में नहीं थे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञों के मुताबिक, ज्ञापन में दिए गए संकेतों को देखते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत बहाल हो सकती है।

## आईटी में खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक लौटी, सेंसेक्स 567 अंक उछला

**मुंबई :** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई। सेंसेक्स करीब 567 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 23,150 के स्तर को हासिल कर लिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.63 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,404.99 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 624.77 अंक चढ़कर 76,463.13 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 23,155.35 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 144.9 अंक बढ़कर 23,169.55 पर पहुंच गया था। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों ने पिछले कारोबारी सत्र की भारी गिरावट से पुरजोर वापसी की। मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08



अंक टूटकर सात महीनों के निचले स्तर 75,838.36 और निफ्टी 320.10 अंक गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ था। बुधवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस ने सर्वाधिक 3.16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। उसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.28 प्रतिशत की तेजी रही। इनके अलावा सन फार्मास्युटिकल, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक 2.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, टाटा स्टील और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में भी गिरावट रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निजी क्षेत्र के एक प्रमुख बैंक के उम्मीद से बेहतर नतीजों से अस्थिरता के बीच सूचकांकों में तेजी आई।

### एनएसई ने पांच महीनों में एक करोड़ निवेशक जोड़े, कुल आंकड़ा 11 करोड़ के पार

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को कहा कि उसके पंजीकृत निवेशकों की संख्या 11 करोड़ को पार हो गई है। इसमें अंतिम एक करोड़ पंजीकरण सिर्फ पांच महीनों में हुए हैं। यह निवेशकों की प्रत्यक्ष माध्यमों से शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी को बताता है। एनएसई में निवेशक पंजीकरण में हाल के दिनों में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है और पिछले पांच वर्षों में इसमें 3.6 गुना उछाल आया है। साल 1994 में एनएसई के परिचालन की शुरुआत के बाद से एक करोड़ निवेशकों तक पहुंचने में 14 साल लग गए। इसके बाद यह गति तेज हुई। अगले एक करोड़ पंजीकरण में लगभग सात साल लगे, उसके बाद अगले एक करोड़ के लिए 3.5 साल और फिर चौथे करोड़ को जोड़ने में एक साल से थोड़ा ज्यादा समय लगा।

## न्यूज अपडेट

### वाहन प्रदर्शनी का समापन, 200 उत्पादों की पेशकश देखने आठ लाख लोग पहुंचे



**नयी दिल्ली :** वाहन उद्योग प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' बुधवार को संपन्न हो गई। इस प्रदर्शनी में करीब 200 उत्पादों की पेशकश की गयी। राष्ट्रीय राजधानी में 17 जनवरी से 22 जनवरी तक भारत मंडपम एवं यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में सम्मिलित रूप से आयोजित इस प्रदर्शनी में 1,500 से अधिक कंपनियों ने शिरकत की। आयोजकों ने कहा कि इस दौरान वाहन, कलपुर्जा एवं प्रौद्योगिकी खंडों में प्रदर्शित नए एवं मौजूदा उत्पादों को देखने के लिए आठ लाख से अधिक लोग पहुंचे। इस आयोजन को मिले जोरदार समर्थन से उत्साहित सरकार अब इसे सालाना आयोजित करने की संभावनाओं पर भी विचार कर रही है। अभी तक इस प्रदर्शनी का आयोजन दो साल में एक बार होता है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने एक्सपो के दौरान 200 से अधिक उत्पादों का अनावरण देखा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, एच डी कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल एवं हरदीप सिंह पुरी के साथ वाहन क्षेत्र के दिग्गज कारोबारियों की मौजूदगी में एक्सपो का उद्घाटन किया था। भारत मंडपम में आयोजित वाहन प्रदर्शनी के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) ने खूब सुर्खियां बटोरीं। यात्री वाहन बाजार की अग्रणी मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया ने अपने ईवी उत्पाद उतारकर इस नए वाहन खंड में भी बड़ी भूमिका निभाने की मंशा जता दी। मारुति सुजुकी इंडिया ने अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन 'ई-विटारा' पेश किया जिसे भारत में बनाकर 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। वहीं हुंदै मोटर इंडिया ने 'क्रेटा इलेक्ट्रिक' को पेश किया। इसके अलावा वियतनाम की विनफास्ट और चीन की बीवाईडी ने भी यात्री वाहन खंड में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

### यूरोपीय संघ के साथ समझौते से भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश आएगा: जयंत चौधरी

**दावोस :** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बुधवार को कहा कि चार यूरोपीय देशों के समूह के साथ नए व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौते से भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश आएगा और 10 लाख नौकरियों का सृजन होगा। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे मंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय प्रतिभा ने वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता साबित की है और वैश्विक कंपनियों द्वारा की गई प्रतिबद्धताएं भारतीय युवाओं के कौशल में उनके विश्वास को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने पूंजी निर्माण, बुनियादी ढांचे के निर्माण व निवेश लाने पर काफी काम किया है और इसके परिणाम हर जगह दिखाई दे रहे हैं, चाहे वह बंदरगाह हो, रेलवे हो या सड़क व्यवस्था हो। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने कहा कि ये किसी भी उद्योग के साथ-साथ लोगों तथा निवेशकों के लिए बुनियादी चीजें हैं।

वर्ष 9, पूर्णांक 4128 अंक 278, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in